संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़ें .......
06 नवंबर 2024, बुधवार
पृष्ठ-08 मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 42
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, खरना आज


**रांची ।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के बाद सात्विक भोजन, कद्दू भात, चना दाल आदि का सेवन किया। बुधवार को खरना है। दिनभर उपवास के बाद शाम में व्रती खीर-पुड़ी का प्रसाद करेंगे। व्रती गुरुवार शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारन करेंगे।




# झारखंड में सीबीआई की छापेमारी में 60 लाख नकदी जब्त

## साहिबगंज के बड़हरवा में भगवान भगत के आवास से एक किलो सोना व 61 कारतूस मिले







संवाददाता

**रांची/सहिबगंज।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध पत्थर खनन से संबंधित मामले में मंगलवार को झारखंड में छापेमारी की है। इनमें राज्य की राजधानी रांची में तीन स्थानों, गुमला जिले में एक स्थान और साहेबगंज जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी हुई है।

सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपये से अधिक नकदी, एक किलो से अधिक सोना, 1.2 किलो चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौते के कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच से पता चला है कि साहेबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों ने कथित तौर पर सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही खनन कानूनों के उल्लंघन किया गया है।

क्षेत्रीय जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति और संस्थाएं अपनी गतिविधियों को छिपाने और अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों, धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इस ऑपरेशन में कथित रूप से शामिल थीं। प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किए गए, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने और इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता और सांठगांठ थी। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। छापेमारी उन संदिग्धों के परिसरों में की जा रही है, जिनकी भूमिका आगे की जांच के दौरान सामने आई है। जांच जारी है।

सीबीआई ने 20 नवम्बर, 2023 को आईपीसी की धारा 120बी के साथ 34, 379, 323, 500, 504 और 506, आर्म्स एक्ट की धारा 27, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(5) और झारखंड खान एवं खनिज रियायत नियम 2004 की धारा 4/54 के तहत झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर तत्काल मामला दर्ज किया था।

**यहां हुई छापेमारी**

-रांची में नेताओं व नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश, सीए जयपुरियार आदि के ठिकानों पर छापेमारी।

-साहिबगंज के बड़हरवा में भगवान भगत के आवास व कार्यालय में छापेमारी। यहां से एक किलोग्राम सोना व नाइन एमएम के 61 कारतूस मिले।

-उधवा में पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास पर छापेमारी। यहां उनके भाई अफताब आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन व मोहम्मद अलाउद्दीन से पूछताछ हुई।

-मंडरो, मिर्जा चौकी के चार पत्थर कारोबारियों के यहां छापेमारी। एक कारोबारी रंजन वर्मा के ठिकाने से 47 लाख रुपये नकदी मिले।

-मिर्जा चौकी के पत्थर कारोबारी रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, टिंकल भगत व अवध किशोर सिंह उर्फ पतरू सिंह के यहां छापेमारी।

-बड़हरवा बस स्टैंड के समीप स्थित सुब्रोतो पाल के कार्यालय व बड़हरवा मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के घर छापेमारी।

-बड़हरवा प्रखंड के दुर्गापुर मुनिया होटल के पास पत्थर कारोबारी कृष्णा साह के आवास पर छापेमारी।

### मिर्जाचौकी में चार पत्थर व्यवसायी के घर छापामारी

**मंड़रो,साहिबगंज।** जिला के मिर्जाचौकी में मंगलवार कि सुबह 9.30 बजे के आसपास अचानक चार घरों में सीबीआई ने छापेमारी किया। जिसमें मिर्जाचौकी निवासी रंजन वर्मा,संजय जयसवाल,पतरु सिंह व टिंकल कुमार के घर पर चार सदस्यों की टीम के द्वारा सीबीआई छापेमारी पडी।छापेमारी करने आई सीबीआई टीम की गाडी रेलवे स्टेशन में, मिर्जाचौकी हाट परिसर में व छापेमारी स्थल से दुर में सड़क किनारे लगा कर पैदल पहुंच चलकर इन लोगों के घर पर करीब 5 घंटा तक छापेमारी किया।मिली जानकारी के अनुसार पत्थर व्यवसायी के घर पर सीबीआई की रेड पड़ी जिसमें रंजन वर्मा के घर से लगभग 6 लाख कैश व 1 किलो 2 सौ ग्राम चांदी को जब्त किया गया है।इधर मिर्जाचौकी में सीबीआई की छापेमारी के कारण हडकंप मचा रहा।

## वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक के आवास से 67 लाख नकदी और निवेश के कागजात बरामद

**रांची ।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रांची पुलिस ने मंगलवार को शहर के नामकुम स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक रामजी यादव के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार, अवैध नकदी की सूचना पर नामकुम स्थित यूनिवर्सिटी, मां कलावती अस्पताल और चुटिया थाना क्षेत्र के अमरावती कॉलोनी स्थित संचालक के आवास में छापेमारी की गयी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि छापेमारी के दौरान अबतक 67 लाख रुपये नकदी और जमीन में निवेश करने के कागजात बरामद किये गये हैं। पूरे मामले की जांच-पड़ताल जारी है। उल्लेखनीय है कि 30 अक्टूबर को इससे पूर्व रांची पुलिस ने नामकुम स्थित जीडी गोयनका स्कूल में छापेमारी कर एक करोड़ 14 लाख 99 हजार रुपये बरामद किया था।




## पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास से कई दस्तावेज जब्त



**उधवा(संताल एक्सप्रेस संवाददाता )।** राधानगर थाना क्षेत्र के पियारपुर स्थित पत्थर कारोबारी महताब आलम के पैतृक आवास पर मंगलवार के सुबह सीबीआई की टीम छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार के सुबह एक बोलेरो में छः सदस्यों सीबीआई की टीम महताब आलम के आवास पर प्रवेश किया।इस दौरान घर के सभी सदस्यों को अंदर कर किसी को बहार-भीतर आने की अनुमति नहीं दिया।इधर राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय दलबल के साथ महताब आलम के आवास के बाहर सुरक्षा के व्यवस्था हेतु तैनात थे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ महताब आलम के आवास के पास जुट गए हैं। छापेमारी के दौरान महताब आलम घर पर नहीं थे।इसी क्रम में महताब आलम के मां के पास से एक लाख रुपया मिला था,परंतु रूपया वापस कर दिया। बताया जा रहा है कि महताब आलम इस वक्त रांची में है।सीबीआई के टीम ने महताब आलम के भाई अफताब आलम,मो.सलाउद्दीन व मो.अलाउद्दीन से पुछताछ कर कई आवश्यक दस्तावेज साथ ले गए। जिसमें जमीन से संबंधित कागजात,सभी सदस्यों का आधार कार्ड,पैन कार्ड,बैंक पासबुक, मतदाता पहचान पत्र,चार बैंक के चार चेकबुक, रिवाल्वर के लाइसेंस की छायाप्रति साथ ले गए।चर्चा है कि तालझारी थाना क्षेत्र के मलीनटोप में संचालित आलम एंड ब्रोदरस क्रेशर में वर्ष 2023 में एक केस दर्ज हुआ था। इस संबंध में सीबीआई के एक अधिकारी संजय विश्वास ने बताया कि खनन संबंधित केस के अनुसंधान में महताब आलम के घर पहुंचे थे।

## हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए : खरगे

संवाददाता

**हजारीबाग ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने मंगलवार को झारखंड में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने हजारीबाग के मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए।

**सोनिया गांधी की वजह से भूखे लोगों को मिल रहा अन्न**



खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाले बयान के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि 'ये मोदी की गारंटी हैज'. कहां है आपकी गारंटी। खरगे ने कहा कि गारंटी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने दी थी। उनकी वजह से भूखे लोगों को आज अन्न मिल रहा है। उन्होंने मनरेगा योजना की गारंटी दी थी। लोगों को साल 100 दिन के रोजगार की गारंटी मिली थी। आज मोदी की सरकार इस योजना को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आपके वादों का कद भी आपके जैसा है। कभी भी नाप के देखो तो कम निकलता है।

मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने 2022 में एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पास करके भेजा था। आज भी वह प्रस्ताव राजभवन में पड़ा है। उसे मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही।

## बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता

**कोडरमा/हजारीबाग/जमशेदपुर ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के अखाड़े में उतरे। उन्होंने जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि ताकत का अहसास कराइए। पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करेंगे और हर घर पर बजरंगी पताका फहराती दिखाई देगी। साथ ही कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे।




योगी ने कहा कि झामुमो, राजद और कांग्रेस का गठबंधन झारखंड के विकास के लिए नहीं है। ये विनाश के दूत हैं। भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। यहां की सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए प्रश्रय दिया है। योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के संकल्प पत्र को दोहराया और कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो गोगो दीदी योजना से हर महीने महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख लोगों को पक्का घर दिया जाएगा। बालू फ्री में दी जाएगी। ये सभी लाभ झारखंडवासियों को दिए जाएंगे, बांग्लादेशी घुसपैठियों को नहीं।

## हेमंत सरकार अब डूबती नैया साबित हो रही : राजनाथ

संवाददाता

**लोहरदगा ।** रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक राजनाथ सिंह ने मंगलवार को झारखंड के लोहरदगा स्थित समाहरणाय मैदान में विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार अब डूबती नैया साबित हो रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस एवं राजद से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हवा का रुख देखकर हेमंत के प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हुए हैं। बड़ी संख्या में झामुमो छोड़कर लोग भाजपा पर विश्वास कर रहे हैं।

राजनाथ ने कहा कि एनडीए नैया पार कराने वाली पार्टी है जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस दिवाली के दागे हुए पटाखे हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड बनाया। झारखंड के अलावा तीन राज्यों का गठन उनके कार्यकाल में हुआ, जो अब विकसित राज्य की श्रेणी में आ गए हैं लेकिन झारखंड का विकास नहीं हो पाया है।



## इंडी गठबंधन ने सात गारंटियों के साथ जारी किया झारखंड विस चुनाव का घोषणा पत्र

- हर गरीब परिवार को 40रुपये में गैस सिलेंडर
- 10 लाख रोजगार और 15 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा की गारंटी
- चुनावी घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा गया

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए आईएनडीआईए ने मंगलवार को राजधानी रांची के एक होटल में घोषणा पत्र जारी किया। घोषणापत्र में गठबंधन ने कई बड़े दावे किए हैं। गठबंधन ने मेनिफेस्टो में सात गारंटियों का ऐलान किया है।

गठबंधन की सात गारंटियां

**गारंटी 1932 आधारित खतियान की**

1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित।



**गारंटी मंईयां सम्मान की**

दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत ?2,500 की सम्मान राशि दी जाएगी।

**गारंटी सामाजिक न्याय की**

एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने के लिए संकल्पित। इसके साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के लिए संकल्पित।

**गारंटी खाद्य सुरक्षा की**

प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरित किया जाएगा। इसके साथ राज्य के हर गरीब परिवार को ?450 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

**गारंटी रोजगार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की**

झारखण्ड के 10 लाख युवक और युवतियों को नौकरी व रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ करीब ?15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।

**गारंटी शिक्षा की**

राज्य के सभी प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा।

**गारंटी किसान कल्याण की**

धान के एमएसपी को ?2400 से बढ़ाकर ?3200 करने के साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।

इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राजद के जयप्रकाश नारायण यादव, सीपीएम एमएल के शुभेंदु सेन आदि मौजूद थे।

## छठ गीत गाने वाली लोकप्रिय गायिका शारदा सिन्हा का निधन

एजेंसी

**पटना ।** लोक गायिका शारदा सिन्हा का आज दिल्ली में देहांत हो गया। लोकगीतों के जरिए पहचान बनाने वाली बिहार की लोकप्रिय गायिका शारदा सिन्हा का जन्म 01 अक्टूबर 1952 को बिहार में सुपौल जिले के हुलास में हुआ था। उनका ससुराल बेगूसराय जिले के सिहामा गांव में है।



उन्होंने मैथिली लोकगीत गाकर अपने करियर की शुरुआत की।छठ गीतों की पहचान बनीं शारदा सिन्हा को बिहार की लता मंगेशकर की संज्ञा दी जाती थी। छठ पर्व को उनके गानों के बिना अधूरा सा समझा जाता है। शारदा सिन्हा को बिहार कोकिला, बिहार की कोयल कहा जाता था। शारदा सिन्हा ने विवाह गीत, छठ गीत जैसे कई क्षेत्रीय गीत गाए हैं। 1991 में उन्हें संगीत में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार मिला।

## आपसी विवाद में बूढ़ी मां की पीटकर हत्या

संवाददाता

**रामगढ़ (दुमका) ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोलपाथर गांव में चुंडा मरांडी नाम के युवक द्वारा अपनी बुढ़ी मां की पीटकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी शशिकांत साहू ने बताया कि ढोलपाथर गांव के चुंडा मरांडी उम्र करीब 27 बर्ष पिता स्वर्गीय जमीन मरांडी द्वारा अपनी मां छम्मी सोरेन उम्र करीब 63 बर्ष की आपसी विवाद में मारपीट कर हत्या कर दी गई है। मृत छम्मी सोरेन के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपी चुंडा मरांडी को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

### शराबी पति ने की पीटकर पत्नी की हत्या

**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र के बास्कीडीह पंचायत के घसीमारनी कोल टोला से मंगलवार को एक 35 वर्षीय महिला खोकोरानी सोरेन नामक अधेड़ महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। घटना के संबंध में परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि ग्यारह बजे नुनुसर मरांडी दो बोतल देशी शराब लाया। वह पहले से नशे में था बाद में फिर से पीकर अपनी धर्म पत्नी खोकोरानी सोरेन के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होने के बाद बुरी तरह से लात घुसा व लाठी डंडा से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच भतीजी सुकरमुनी मरांडी ने बीच बचाव करके चाची को अपने घर ले गए। सुबह जब अपनी मां के लिए गर्म पानी करने उठी तो मां ने कहा कि चाची को भी गर्म पानी दे दो। इसके लिए जैसे ही चाची को उठाने गयी तो वह उठी ही नहीं। बाद में जब उनका हाथ पकड़ कर उठाने की कोशिश की तो देखा शरीर ठंडा हो चुका है जिसकी जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दिया। इधर उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही मसलिया पुलिस दलबल के साथ घसीमारनी कोल टोला पहुचकर मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया।

# भाजपा की सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में दो लाख युवकों की होगी बहाली : शिवराज सिंह

दुमका ब्यूरो

**दुमका।** भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने दुमका के मुड़ाबहाल पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार पर जमकर हमला किया उन्होंने हेमंत सरकार पर तंज करते हुए कहा कि %हमार बलमा बेईमान हमें पटियाने आए यह वोट हथियाना आए है% महिलाओं को दाना डाल रहे हैं। जनता मूर्ख नहीं है हेमंत बाबू तुम्हें सबक सिखाएगें। 2 महीना पहले 1000 रुपए देने का क्या मतलब। उन्होंने कहा कि मैं मध्य प्रदेश में अपने सरकार में लाडली बहना योजना लाकर माता बहनों के चेहरे पर खुशी लाने का काम किया था।



इसी तर्ज पर भाजपा कि अन्य राज्यों की सरकार उडीसा, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सहित उन राज्यों में दे रही है। भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में झारखंड के बहनों को %गोगो दीदी योजना% के तहत 2100 प्रत्येक महीने भाजपा की सरकार देगी। विदेशी घुसपैठ संताल परगना मे बढ़ा है यहाँ के बेटियों की अस्मिता लूटा जा रहा है।उनकी जमीने छिना जा रहा है। यदि इसे रोका नहीं गया तो संताल परगना तबाह ओर बर्बाद हो जायेगा। हम किसी का विरोध नहीं करते लेकिन यह कोई धर्मशाला नहीं है। ये और एक बंगलादेश बनाने की तैयारी है.ओर इस सब का जिम्मेदार हेमंत सोरेन की सरकार है.लेकिन हमारी सरकार बनी तो चुन चुन कर बाहर निकालेंगे। उन्होंने धान को 3100 रुपया क्विंटल ओर अलग से 5000 रुपया देने की घोषणा की। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि जब चुनाव के समय आया तो नौकरी मे बहाली निकाला ओर असमय इस नौकरी बहाली मे 19 लोगों की जान ले ली। उन्होंने कहा कि मामा बोलकर जा रहा है कि सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक मे दो लाख युवकों की बहाली होगी। उन्होंने मईया योजना पर सवाल खड़ा करते हुये कहा कि चार साल कुछ नहीं किया ओर अब चुनाव आया तो एक पत्र 2000 की बात कह कर बलमा को पटियाने आये है।

देवघर, 5 नवंबर (हि.स.)। केन्द्रीय कृषि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को झारखंड की सारठ विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह, दुमका से प्रत्याशी सुनील सोरेन और मधुपुर से भाजपा उम्मीदवार गंगा नारायण सिंह के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते

# पीएम की सुरक्षा का हवाला देते हुए सीएम को रोका जाना साजिश : सुप्रियो

संवाददाता

**रांची ।** झामुमो के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमने चार तारीख को एक पत्र राष्ट्रपति को दिया है। पत्र बहुत ही गंभीर है। सभी को मालूम है कि चाईबासा क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। नक्सल मूवमेंट वहीं से होते हैं। वहां मोबाईल का टावर भी नहीं है। ऐसे में उस जगह डेढ़ घंटे से अधिक समय तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रोकना और एटीसी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाना यह दर्शाता है कि यह बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को साजिश के तहत रोका जा रहा है। इसी से संबंधित पत्र मेरे जरिये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा गया है।



भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा में बंटी और बबली का संबंध है। यहां के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संग हमारी बैठक हुई थी। बताया था कि 15 नवंबर तक राज्य में पर्व-त्योहार हैं, उसके बावजूद 13 को चुनाव कराया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश में इसी 13 नवंबर को चुनाव था, वहां 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार है, इसलिए चुनाव की तिथि को बढ़ा कर 20 नवंबर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी त्योहारों को लेकर 15 नवंबर के बाद चुनाव कराने की मांग की गयी थी, पर आयोग माना नहीं। यहां 13 नवंबर को चुनाव हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि हमारे मुख्यमंत्री को जंगल में बैठाया गया। चुनाव आयोग का पूरा रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि झामुमो के मामले में अलग और भाजपा के मामले में अलग रवैया अख्तियार किया जाता है।

## हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने के मामले में सीईओ ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को लिखा पत्र

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन-2024 में सभी प्रत्याशियों के लिए एक समान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जा रहा है। कुमार ने बताया कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस मामले में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथोरिटी के निदेशक को 6 नवंबर पूर्वाह्न तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा गया है। कुमार ने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे, इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने के लिए नंबर भी साझा किए गए थे, ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री 8 नवंबर को मोहनपुर में करेंगे जनसभा को संबोधित

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर विधानसभा में चुनाव कार्यक्रम हेतु मोहनपुर प्रखंड के बाजार में 8 नवंबर को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय सचिन सुल्तानिया, प्रखंड अध्यक्ष विभूति झा, चंद्र मलेश्वर यादव, राजेश गुप्ता, सुरेश चौधरी, बबलू घोष, देवनारायण दास, शेखर, शालिग्राम सिंह,मणिकांत चौधरी, विनोद रावत, सुरेंद्र यादव, देवाशीष चौधरी समेत अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु आईपीएस

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें सदैव दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

## नीलकठ सिंह मुंडा ने चलाया जन संपर्क अभियान

**खूंटी ।** जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार नीलकंठ सिंह मुंडा ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के घाघरा, चलागी मुंडा चलागी सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से अपील की कि वे कमल छाप पर वोट कर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में योगदान दें। विभिन्न गांवों में पहुचते ही ग्रामीणों ने उनका जारदार स्वागत किया। मतदाताओं से बातचीत करते हुए विधायक और भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि आपलोगों के स्नेह और आशीर्वाद से मैं पिछले पांच चुनावों से लगाातर इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि गांव वालों की मांग और उनकी जरूरत के अनुसार खूंटी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास योजनाओं को पहुंचाया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान दर्जनों नेता-कार्यकर्ता आपके पा आयेंगे और तरह-तरह के सब्जबांग दिखाकर आपको भ्रमित करने का प्रयास करेंगे, पर आपको सिर्फ अपने चुनाव चिह्न कमल को ही याद रखना है और वोट देना है। उन्होंने कहा, मैं चुनौती देता हूं कि पिछले 25 वर्षों में खूंटी विधानसभा क्षेत्र का जितना विकास हुआ है, उतना विकास तो मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र का भी नहीं हुआ है। नीलकंठ सिंह मुंडो ने कहा कि विपक्ष को चुनाव लड़ने के लिए कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है। इसलिए वे बौखला गये हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मुझे पूण विश्वास है किआपके आशीर्वाद से मुझे छठी बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिलेगा।

## जेबीवीएनएल के रिपेयरिंग वर्कशॉप में लगी भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

**रामगढ़ ।** शहर के झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में सोमवार की देर रात अचानक आग लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि वर्कशॉप के आसपास स्टाफ क्वार्टर के लोगों में भगदड़ मच गई। आग के तपिश उन लोगों को भी परेशान कर रही थी। अगलगी में रिपेयरिंग वर्कशॉप पूरी तरीके से जलकर खाक हो गया है। इसमें करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। जेबीवीएनएल जिला प्रमंडल ऑफिस में कैंपस में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) है। इसी कैंपस में बिजली विभाग के कर्मियों के रहने के आवास भी है। अचानक देर रात ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) से भीषण आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते ये लपटें आसमान छूने लगी। आग के कारण गोदाम में रखें ट्रांसफार्मर में डालने जाने वाले तेल के ड्रम फटने लगे और आग की तीव्रता और बढ़ने लगी। भीषण आग को बुझाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस को फोन किया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम आज की भयावता को देख चकित रह गए।

## प्रदेश भाजपा ने 30 बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

संवाददाता

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर महामंत्री व सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिये निष्कासित किया है।

भाजपा प्रदेश के अनुसार, चंद्रमा कुमारी (पलामू), कुमकुम देवी (हजारीबाग), लक्ष्मी देवी (पलामू), जूली यादव (दुमका), बलवंत सिंह (लातेहार), अरविंद सिंह (खरसावां), बटेश्वर मेहता (हजारीबाग), भैय्या बांके बिहारी (हजारीबाग), चितरंजन साव (बोकारो), कर्नल संजय सिंह (पलामू), हर्ष अजमेरा (हजारीबाग), हजारी प्रसाद साहू (रांची ग्रामीण), मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन (पाकुड), मुकेश कुमार शुक्ला (पाकुड), पुष्परंजन (पलामू), राजकुमार सिंह (जमशेदपुर) महानगर, रामावतार केरकेट्टा (रांची ग्रामीण), रामदेव हेम्ब्रम (पूर्वी सिंहभूम), रामेश्वर उरांव (लोहरदगा), संतोष पासवान (लातेहार), शिवचरण महतो (पाकुड), शिवशंकर बड़ाइक (खूंटी), शिव शंकर सिंह (जमशेदपुर), सुरेंद्र मोदी (हजारीबाग), उपेंद्र यादव (गढ़वा), उमेश भारती (चतरा), विकास सिंह (जमशेदपुर महानगर), विमल बैठा (जमशेदपुर महानगर) और विनोद सिंह (पलामू) को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

## एनडीए की बैठक में नारायण दास को विजय बनाने का लिया संकल्प



संवाददाता

**देवघर।** विधानसभा चुनाव कार्यालय मे राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन की बैठक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जेडीयू के जिलाध्यक्ष सतीश दास और जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी आदर्श लक्ष्य ने किया। जिसमे मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी अशोक उपाध्यय, एवं प्रवासी प्रभारी विकास प्रसाद सिंह शामिल ने बताया कि आगामी चुनाव मे एनडीए प्रत्यासी नारायण दास को ऐतिहासिक मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक मे सभी वरिष्ठ एनडीए कार्यकर्ताओ ने एक मुस्त भ्रष्टाचारी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का जनता मन बना चुकी है, हेमंत सरकार मे बेरोजगारी, नक्कारी सरकार से झारखण्ड की जनता अब चुकी है। और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी नेताओं ने संकल्प लिया है ने की देवघर जिले की तीनों विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के झोली में डालना है। इस बैठक में वरिष्ठ नेता लोजपा लाल मनी झा,जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया,संतोष उपाध्याय,जिला मंत्री विजय सिंह,जिला उपाध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष नवल राय, डॉ राजीव सिंह,मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया, रमेश राय,जिला आईटी संयोजक भूषण सोनी,उमाशंकर प्रजापति, नगर अध्यक्ष धनंजय खवाडे, डब्लू यादव,सुनील प्रसाद यादव,मुरारी प्रसाद केसरी,बेनी माधव झा,प्रदेश सचिव जदयू नीरज कुमार सिंह,डॉ एमके विजय,जिला उपाध्यक्ष नौनीत राज,पप्पू रावत,अजय सिंह,पार्थ,अविनाश कुमार,निशांत कुमार, मुकेश यादव,रमेश सिंह, सूरज कुमार,मिथिलेश,दीपक कुमार झा, मिथिलेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## अंबर लकड़ा ने देवघर एसपी का किया पदभार ग्रहण

### कहा- क्राइम कंट्रोल करना होगी पहली प्राथमिकता

संवाददाता

**देवघर।** एसपी के पद पर अंबर लकड़ा ने अपना योगदान दिया है. पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले में क्राइम कंट्रोल एवं क्राइम हो जाए तो जल्द घटना का उद्भेदन कर घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करना एवं सबों को न्याय दिलाना है।

यहां बता दें कि अंबर लकड़ा इससे पहले जैप तीन, गोविन्दपुर धनबाद कमांडेंट और दुमका एसपी के रूप



में कार्य कर चुके हैं. गौरतलब है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर आईपीएस अंबर लकड़ा को देवघर का नया एसपी बनाया गया है।

## मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र जैसा नहीं : सीईओ

### अबतक 151.56 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त

संवाददाता

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पर्ची, मतदाता पहचान पत्र नहीं है। पूर्व में ऐसा देखने को मिला है कि मतदाता पर्ची को पहचान पत्र समझ कर मतदान करने पहुंच जाते हैं और अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। मतदाता पहचान पत्र के अलावा कुल 12 तरह के आइडी प्रूफ मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत है। उसके अतिरिक्त किसी भी तरह के अन्य पहचान पत्र मतदान के लिए वैध नहीं होते हैं।

वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए मतदाता पर्ची वितरण 8 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कार्य करेंगे। इस बार मतदाता पर्ची में अंकित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर को घेरे में दर्शाया गया है, ताकि मतदाता उन दोनों नंबरों को नोट कर मतदान केंद्र पर जाएं और आसानी से अत्यल्प समय में अपना नाम खोज सकें और मतदान के लिए सही कतार में खड़ा हो सकें। इससे जहां समय की बचत होगी, वहीं मतदान की गति भी बढ़ेगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने



कहा कि जेएसएलपीएस के कर्मियों को चुनाव कार्य से अलग रखने के लिए कोई निर्देश निर्वाचन आयोग की ओर से नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में चुनाव के दौरान शिकायत मिलने के बाद से भारत निर्वाचन आयोग का स्वंयसेवी संस्थाओं, स्वंय सहायता ग्रुप, एनजीओ आदि को चुनाव कार्य से अलग रखने का स्टैंडिंग आर्डर है, जिसके आलोक में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 151.56 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित बनाने के लिए एजेंसियों के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव से अधिक की जब्ती अब तक हो चुकी है।

## मुस्लिम लीग की प्राथमिक सदस्यता से शहाबुद्दीन ने दिया इस्तीफा

**रांची ।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग राष्ट्रीय कमेटी की झारखंड राज्य के प्रति उदासीन एवं निष्क्रिय रवैया के कारण पार्टी के झारखंड प्रदेश कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मो शहाबुद्दीन ने अपने पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।शहाबुद्दीन ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. सैयद अमजद अली के हाथों से अगस्त 2013 में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी और झारखंड राज्य में पार्टी के प्रचार प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उन्होंने कहा कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग राष्ट्रीय कमेटी की नीति झारखंड राज्य के प्रति उदासीन है।झारखंड राज्य में होने वाले 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की राष्ट्रीय कमेटी ने बिना झारखंड प्रदेश कमेटी की सहमति के बिना झारखंड राज्य में चुनाव न लड़ने का फैसला लिया।

## रामगढ़ में 20 घंटे से सड़क पर पड़े हैं चार शव, पर्याप्त मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण

**रामगढ़ ।** गोला थाना क्षेत्र के पिपरा जारा गांव में दो घरों को बर्बाद करने वाला चोरी का आरोपित मुखिया उर्फ़ राहुल बेदिया भी जिंदगी और मौत के बीच लड़ाई लड़ रहा है। साथ ही घटना के विरोध में पिछले 20 घंटे से ग्रामीणों का आंदोलन लगातार जारी है। ग्रामीणों ने गोला-रजरप्पा पथ को जाम कर दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, शव सड़क पर ही पड़े रहेगें। ग्रामीण उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सहायता राशि देने की बात कर रहे हैं। गोला अंचल अधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी ने बताया कि ग्रामीणों के साथ वार्ता चल रही है। उनके साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद हैं। ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की जा रही है, ताकि विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो। ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार जो मिलना है, वह तो मिलेगा ही लेकिन जिस व्यक्ति की गाड़ी है और जिसने चार जिंदगियां उजाड़ दी उसे भी पीड़ित परिवारों को सहायता राशि देनी चाहिए। गांव में धूम मांझी की 45 वर्षीया पत्नी मुनिया देवी, 22 वर्षीया बहू विलासी देवी, डेढ़ वर्षीय पोते निरंजन मांझी और संजय मांझी की 12 वर्षीया बेटी रोशनी कुमारी की मौत इस सड़क हादसे में हुई है। इसके अलावा तेज रफ्तार से आ रहे बोलेरो की टक्कर से 12 वर्षीया हेमंत कुमारी, 50 वर्षीया ठाकुर मनी देवी, 40 वर्षीया उर्मिला देवी, 12 वर्षीया रुपाली कुमारी, 40 वर्षीया पार्वती देवी और 18 वर्षीया लीला देवी भी घायल हुई है। उन सब का इलाज अस्पताल में कराया गया है।

## लोहरदगा में चुनाव ड्यूटी में लगे एसएसबी के जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**लोहरदगा ।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित अस्थाई कैंप में एसएसबी के एन जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव ड्यूटी करने पहुंचे जवान ने खुद के इंसास रायफल से गोली खुद को गोली मारी है। गोली लगने से जवान का सिर क्षत-विक्षत हो गया। घटना मंगलवार भोर 4.30 बजे की है। सूचना मिलते ही एसएसबी के अधिकारी व जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि अनप्पा दुग्गल पिछले महीने छुट्टी में घर गया था। फिलहाल, आत्महत्या का कारणों का पता नहीं चल सका है। जवान के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके पैतृक घर भेजने की तैयारी चल रही है।

## रामगढ़ में थाने से गाड़ी चोरी कर भाग रहे बदमाश ने चार ग्रामीणों को रौंदा

**रामगढ़ ।** जिसे के रजप्पा थाना परिसर से बोलेरो चोरी कर भाग रहे बदमाश ने सोहराय मना रहे चार ग्रामीणों को रौंद दिया। रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के पिपरा जारा गांव में सोमवार की मध्य रात्रि हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। इनमें एक पुरुष और तीन महिलाएं हैं। उग्र ग्रामीणों ने बोलेरो चला रहे आरोपित को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने उसे ग्रामीणों से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि पिपरा जारा गांव में सड़क के किनारे सोहराय पर्व मनाया जा रहा था। इसी दौरान रजरप्पा की तरफ से काफी तेज गति से आ रहे है बोलेरो ने भीड़ में शामिल लोगों को टक्कर मारी। इस हादसे में एक पुरुष और तीन महिलाओं की मौत हो गई। उग्र ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही इस हादसे को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी गई है। समाचार लिखे जाने तक सभी शव गांव में ही पड़े हैं। जिस बोलेरो से ग्रामीणों को रौंदा गया है, उसे रजरप्पा थाना परिसर से चोरी किया गया था। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि 3 नवंबर की रात लगभग दो बजे चोरों के द्वारा थाना परिसर से ही उस गाड़ी की चोरी कर ली गई थी।

## नशे में धुत चालक ने घर में घुसाया ट्रक

**रांची ।** रातू थाना क्षेत्र स्थित हुरहुरी गुटुवाटोली गांव में नशे में धुत ट्रक ड्राइवर ने एक दुकान को रौंदते हुए गाड़ी घर में घुसा दिया। घटना सोमवार देर रात की है। मिली जानकारी के अनुसार 12 चक्का ट्रक (जेएच 02एएन3755) ने एक दुकान और मिट्टी के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस घटना में घर का किचन और उसमें रखे सारे सामान (गैस चूल्हा, चावल, आटा, फ्रिज आदि) भी पूरी तरह से बर्बाद हो गया। गृह स्वामी सोमरा उरांव ने बताया कि ड्राइवर और खलासी दोनों नशे में थे। गाड़ी की रफ्तार भी काफी तेज थी। वहीं इस घटना में सोमा उरांव का दुकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंचे । घटना के बाद लोग काफी आक्रोशित थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि खलासी को हिरासत में ले लिया गया है, चालक फरार है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं लगी है।

## रांची गोशाला न्यास का गोपाष्टमी महोत्सव नौ को

**रांची ।** श्री कृष्ण गोपाष्टमी महोत्सव के दिन नौ नवंबर को रांची गोशाला परिसर हरमू रोड में 120वां महोत्सव मनाया जाएगा। रांची गोशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने मंगलवार को बताया कि सुबह 7.30 बजे श्री गणेश पूजन और हवन के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी। गो पूजन और गो दर्शन गोशाला प्रांगण में दिन भर जारी रहेगा। इस उपलक्ष्य में सुबह 8 बजे से गोशाला में तुलादान की शुरुआत हो जाएगी। मंत्री प्रदीप राज़गढ़िया ने बताया कि गोपाष्टमी पर तुलादान का विशेष महत्व है। गोशाला ट्रस्टी शत्रुघ्न लाल गुप्ता, ओमप्रकाश छापड़िया, रतन जालान, प्रकाश चंद्र सेठी, हरिकिशन बजाज, किशन लाल चौधरी एवं अन्य सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## गांडेय को हॉट सीट बताकर जनता के सवालों पर पर्दा नहीं डाला जा सकता : राजेश यादव

**गिरिडीह :** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशी राजेश यादव ने मंगलवार को बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क घर-घर से आर्थिक सहयोग के साथ शेर छाप पर बटन दबाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान श्री यादव ने कहा कि, गांडेय विधानसभा सीट को कुछ लोग हॉट सीट बताकर यहां जनता के ज्वलंत सवालों पर पर्दा डालना चाह रहे हैं। ये गांडेय के लोगों के खिलाफ एक साजिश है। कहा कि जनता अपने सवालों के साथ है, इसलिए परिणाम भी जनता ही तय करेगी। धनबल और पवार के भरोसे चुनाव लड़ने वालों को जनता माकूल जवाब देगी। इस दौरान शंभू तुरी, मुस्लिम अंसारी, महादेव महतो, सलामत अंसारी, बहादुर रजक, कामेश्वर रजक, सुलेमान अंसारी, हलीम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# राजधानी में सज गया छठ का बाजार

संवाददाता

**रांची ।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के बाद सात्विक भोजन, कद्दू भात, चना दाल आदि का सेवन किया। बुधवार को खरना है। दिनभर उपवास के बाद शाम में व्रती खीर-पुड़ी का प्रसाद करेंगे।

व्रती गुरुवार शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारन करेंगे। इसके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर हर जगह घाटों की साफ-सफाई व सजावट का काम चल रहा है। सरकार के साथ स्वंयसेवी संगठन इस काम लगे हुए हैं। घाटों को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। रांची में कई स्थानों पर सजावट का काम अंतिम चरण में हैं।

महापर्व छठ को लेकर राजधानी में तैयारी तेज



हो गई है, जहां छठ घाटों को चकाचक किया गया है। नदी, डैम, तालाबों को स्वच्छ किया गया है। वहीं, राजधानी में छठ बाजार में सज-धज कर तैयार हो गये हैं। महापर्व के मौके पर राजधानी के जिला स्कूल मैदान में वर्षों से तीन दिवसीय बाजार सजता आ रहा है। यहां 250 से 300 लोग गांव, प्रखंड, पंचायात, ब्लॉक के लोग अपनी दुकाने लगाने पहुंचते हैं। मंगलवार से दुकान लग गई है। खरीदार भी पहुंचने लगे हैं। इस बाजार में हिंदु, मुस्लिम, आदिवासी सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने आस्था के महापर्व छठ पर अपनी दुकानों को सजाया है।

छठ बाजार में कांके, मांडर, रातू, ओरमांझी, डोरंडा, पूंदाग, धुर्वा, ढीपाटोली, रांची, मोरहाबादी, नामकुम, लोवाडी, डोरंडा, आदि क्षेत्र के 300 लोगों ने दुकान सजाया है। इसके अलावा राजधानी के हरमू बाजार, डोरंडा बाजार, मोरहाबादी, बरियातु, कडरु, चुटिया, हटिया, धुर्वा, पंडरा, लालपूर, कांटा टोली, अरगोड़ा, कोकर, धुर्वा, हटिया आदि क्षेत्रों में भी दुकान सजाया गया है।

**छठ के फल और प्रति किलो दर**

पानीफल- 80 रु
शरीफा- 100 रु
आंवला- 100 रु
शकरकंद- 80 रु
पनौरा- 400 रु
कबरंगा- 300 रु
मूली- 80-100 रु
डंभा- 100 रु जोड़ा
नारीयल सूखा-70-80 रु जोड़ा
गाजर- 100 रु
हलदी कच्चा- 50 रु
मोमफली- 100 रु
सेब- 100-150 रु
सेबपेटी- 500-850 रु
संतरा- 60 रु
संतरा पेटी- 250-400 रु
अनानास- 70 रु पीस
केला दर्जन- 60 रु
केला कांदी- 500-800 रु
गन्ना- 40-60 रु पीस

## गिरिडीह के रेस्टोरेंट में लगी आग, मची अफरा तफरी

**गिरिडीह :** नगर थाना क्षेत्र में संचालित निखर वेज रेस्टोरेंट के किचन में मंगलवार की शाम अचानक आग लग जाने से कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम के साथ नगर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। जिससे कोई विशेष क्षति नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह मंगलवार को भी रेस्टोरेंट संचालित था। इसी दौरान अचानक रेस्टोरेंट की किचन से धुआं उठने लगा। जिसे देखते ही वहां अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना के बाद रेस्टोरेंट में कार्यरत सभी कर्मी तत्काल रेस्टोरेंट से बाहर निकल गये।

## छठ पूजा समिति के द्वारा तैयारी जोरो पर...

बरहरवा~ लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी समिति के द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर की

अलग अलग छठ पूजा समितियां तैयारियों के साथ साथ श्रद्धालुओं के अनुसार छठ घाटों को सजाने में लगे हैं। कहां कहां होती है छठ पूजा.....नगर के क्षेत्र के पंपिया पोखर, तारा पोखर, झलदिग्गी, असम्माला पोखर, बेतीयापोखर, कलपोखर, नीलपोखर मुंशी पोखर में भव्य रूप से छठ पूजा किया जाता है, जहां हजारों श्रद्धालु और भक्त पहुंचते है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्य तरीके से सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर्व को लोग बड़े ही शारदा और भक्ति भाव से मनाते हैं।

## निर्दलीय उम्मीदवार सुनील यादव ने दियारा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया



साहिबगंज /पूर्व जिप् सदस्य सुनील यादव ने विधानसभा में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बाल्टी छाप का निशान लेते हुए चुनावी दौरा किया शुरू।राजमहल विधानसभा उम्मीदवार व जिला परिषद सदस्य ने जनता को लुभाने के लिए मंगलवार को दियारा क्षेत्र के हाजीपुर पश्चिम, हाजीपुर पूरब,गंगा प्रसाद पश्चिम, गंगा प्रसाद पश्चिम मध्य सभी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया।वही इस अभियान में उक्त ग्रामों की जनता ने उनका भरपूर सहयोग दिया व इस चुनाव में उनकी ही जीत को सुनिश्चित किया।

## अजहर इस्लाम ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण



**पाकुड़।** आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया, जिनमें केकेएम कॉलेज के पास स्थित तालाब, रेलवे क्लोनी का तालाब, कलिकापुर, बागतीपाड़ा, टीन बंग्ला, और काली भाषाण छठ घाट शामिल हैं। उन्होंने छठ घाटों की व्यवस्था और साफ-सफाई का जायजा लिया और आवश्यक सुझाव दिए। अजहर इस्लाम का उद्देश्य छठ पर्व के दौरान लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। इस दौरान उन्होंने छठ कमिटी के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया, ताकि छठ पर्व शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो।

## जेएमएम प्रत्याशी एमटी राजा ने चलाया जनसंपर्क अभियान,मांगा वोट



उधवा।इंडिया गठबंधन समर्थित जेएमएम प्रत्याशी एमटी राजा ने मंगलवार देर शाम उधवा प्रखंड क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के चांदशहर, केशव बाटी, खासपुरा, मसना आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान एमटी राजा ने लोगों से मिलकर उनका हाल चाल जाना एवं उनकी समस्याओं से रूबरू भी हुए। वही जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य प्रो नजरूल इस्लाम ने एमटी राजा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की। कहा कि भाजपा पार्टी हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद की राजनीति करती है और लोगों को बांटने का काम करती है। राजमहल विधानसभा में इस बार बदलाव हो रहा है इसलिए आप लोग भी एकजुट होकर एमटी राजा को भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। वही सीएम हेमंत सोरेन के जनकल्याणकारी योजनाओं को बारी बारी से गिनाते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर आमजनों को इसका लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। सरकार बनते ही दिसंबर महीने में सभी महिलाओं को 2500 रूपये का सम्मान राशि दिया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि बहुत सारे लोग आपको बहलाने के लिए मैदान में उतरे है लेकीन आपको किसी के बहकावे में नहीं आना है।

## छठ पूजा के मद्देनजर नगर कार्यालय में बैठक ...

बरहरवा~ नगर पंचायत बदरा क्षेत्र के अंतर्गत होने वाली छठ पूजा घाट की संपूर्ण रूप से साफ सफाई हेतु मंगलवार को नगर पंचायत के सभा कक्ष में नगर पदाधिकारी शाह प्रशासन नगर पंचायत की और से एक बैठक आहत किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी ने किया, जिसमें निमांकित कार्यालय और और क्षेत्रीय कमी सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता ,नगर मिशन प्रबंधक और सभी नगर प्रबंधक एवं नगर के छठ पूजा समिति के अध्यक्ष व सदस्य गणों भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से सभी छठ घाटों की साफ सफाई व विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा किया गया । वहीं कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि यह एक महाआस्था का पर्व है, इसमें खास कर साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है नगर के सभी छठ घाटों की नगर प्रशासन की ओर से साफ सफाई किया जाएगा, गंदगी वाले जगह पर चुना, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा साथ ही विधि व्यवस्था भी की जाएगी। मौके पर सुनील कुमार आकाश कुमार कुणाल कुमार जितेंद्र कुमार बालेश्वर स्वाहा एवं धर्मवीर कुमार महतो उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय परिसर में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत नल प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया मालूम हो कि प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी की देखरेख को पर्यवेक्षक में हस्ताक्षर अभियान चलाई गई इसे लोकतंत्र के त्यौहार में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित को लेकर सबों ने संकल्प लिया वही सेल्फी पॉइंट पर फोटो भी खिंचवाई इससे अवसर पर वीडियो आकांक्षा कुमारी ने मतदाता मतदान के महत्व के बारे में भी प्रकाश डाला उन्होंने %महिला पुरुष बुजुर्ग और युथ आओ मिलकर चले पोलिंग बूथ, का संदेश दिया7 इस दौरान उन्होंने 20 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सबों से अपील की7 इस अवसर पर विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, सीआई श्याम सुंदर बेसरा कनीय अभियंता कुंदन कुमार, कनीय अभियंता सौरभ कुमार ,कनीय अभियंता रामजतन मुर्मू उत्तम कुमार शर्मा , निमाई चंद्र देवांशी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कृष्ण दे, राजस्व कर्मचारी लक्ष्मी मंडल, गौरव कुमार झा ,नयन कुमार ,रावण किस्कु,संतोष कुमार, नीलिमा कुमारी ,चंदन गोरॉई, सुबल कुमार शर्मा, संजय कुमार, संगीता कुमारी, हरे कृष्णा, अमित कुमार महतो ,प्रसेनजीत बाउरी, अमरजीत हेंब्रम, श्रीकांत राउत सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध देशी महुआ शराब बेचने वालों के खिलफ चलाया छापामारी अभियान



**संवाददाता मंड़रो,साहिबगंज।** मिर्जाचौकी रेलवे साइडिंग के समीप मंगलवार कि देर शाम को अवैध देशी महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए।साहिबगंज उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान अवैध देशी महुआ शराब बेचने और पीने वालों को खदेड़ा गया।वहीं दर्जनों लीटर बोतल में बंद देशी महुआ शराब को भी नष्ट किया गया। छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध देशी महुआ शराब बेचने वाले लोगों को हिदायत देते हुए कहा, कि यहां पर किसी भी हाल में दुकान नहीं लगना चाहिए।यदि लगती है, तो फिर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा मिर्जाचौकी के गांधीनगर गांव के तरफ भी छापेमारी की गई।

## विधायक ने किया चुनाव कार्यालय का उदघाटन

**संवाददाता**

साहेबगंज।राजमहल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा एवं उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने मंगलवार को सदर प्रखंड ग्रामीण मंडल चुनाव कार्यालय का बड़ी कोदरजन्ना में किया गया। वहीं भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जिस प्रकार से जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह हैं निश्चित ही 23 नवंबर को राजमहल में कमल तो खिलेगा ही साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार भी बनेगी। कहा कि जिस प्रकार से हेमन्त सोरेन की सरकार ने पांच वर्षों तक सिर्फ और



सिर्फ यहां की जनता को ठगने का काम किया। मिर्जाचौंकी से राजमहल की मुख्यमार्ग सड़क के लिए एनएचएआई द्वारा 45 करोड़ जनवरी में दे दिए जाने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया। हेमन्त सोरेन के मंत्री ने विधानसभा में मेरे प्रश्न में जवाब में 1 अगस्त 2022 को कहा था कि 15 दिनों के अंदर सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा। यह सरकार सिर्फ राज्य को लूटने के लिए बनी थी सारे विकास कार्यो को लटकाने भटकाने का काम सिर्फ पांच सालों तक किया। साहेबगंज में इंजीनियरिंग कॉलेज,कृषि कॉलेज,रेल ओवरब्रिज,मेडिकल कॉलेज सहित कई योजना जो पूर्ववर्ती सरकार में स्वीकृत था उसे ठंडे बस्ते में डालने का काम हेमन्त सोरेन सरकार ने किया। हमारी सरकार बनते ही सभी योजनाओं को एक साल के अंदर धरातल पर उतारने का काम किया जायेग। मौके पर संजय मंडल,शिवशंकर यादव,रामदरश यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शाहजहां काजू,मनोज यादव,अरविंद गुप्ता, प्रभात मिश्रा, अजय मिश्रा,ओम प्रकाश पांडेय, दिनेश पांडेय,राम प्रताप चौधरी,शिवदयाल,गयासुद्दीन चुन्ना,रामचंद्र महलदार,गोपाल साह एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम का चुनावी दौरा में उमड़ रही है लोगों की भीड़



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ ।पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया चंदना श्रीरामपुर मालिन अड़ाईटीकर सातगाछी माधोपड़ा चापुजान ग्रामसीर रिसोर मेहंदीडांगा रामनगर कन्हाईडांगा बेलडांगा सिरासिन साहिबडांगा मिर्जापुर बरारी लालमाटी ग्राम में पाकुड़ विधानसभा के गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर चलाया चुनावी जनसंपर्क अभियान ।कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम ने हाथ छाप पर वोट करने की जनता से अपील की ।निसात आलम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गठबंधन सरकार के द्वारा किए गए उपलब्धियां के बारे में भी बताया, गठबंधन सरकार के द्वारा महिलाओं को दिए गए सम्मान के बारे में भी चर्चा किये। 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन का लाभ मैया सम्मान योजना 18 से 49 वर्ष की प्रत्येक महिलाओं को प्रत्येक माह मैंया सम्मान योजना के तहत ? 1000 के सम्मान राशि दिया जा रहा है जो पुनः गठबंधन सरकार आने पर 1000 रुपए से बढ़ा कर 2500 रुपए किया जाएगा । साथ ही 200 यूनिट बिजली फ्री, बिजली माफ, 2 लाख ? किसानों का ऋण माफ, अबुवा आवास योजना का लाभ गठबंधन सरकार के द्वारा पूरे झारखंड में दिया गया है। ठीक उसी प्रकार इस चुनाव में जीत के बाद फिर से गठबंधन की सरकार पिछले योजनाओं से भी बेहतर योजनाएं आप सभी को लाभ के रूप में देगी।मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास , मो नसीरुद्दीन, मो सैफ, शमशेर खान,आफताब आलम, अनारूल खान, दाऊद शेख ,नाबिद अंजुम,अब्दुल करीम,नौशाद बिस्वास, नसीरूदीन बिस्वास ,जलील शेख,हिदायत खान, परमीत तिवारी, थॉमस रोबर्ट,ज़मीरुल इस्लाम, संदीप भगत, मोताजुल शेख,विकाश यादव,वसीम, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पत्नी के लापता होने की शिकायत

साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र के गांधी चौक स्थित कबीर आश्रम निवासी शंकर राउत ने थाना में आवेदन देकर पत्नी के लापता होने की शिकायत की है। दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी माधुरी कुमारी (42) 4 नवंबर की सुबह 8~30 बजे घर से कहीं निकल गई। इसके बाद से घर लौट कर नहीं आयी है। परिजनों व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन में भी उसका कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने पत्नी के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## बीडीओ एवं सीओ के नेतृत्व में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान, सभी ने लिए शपथ



फतेहपुर ~ स्वीप कार्यक्रम के तहत फतेहपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित बीडीओ प्रेम कुमार दास, सीओ हिम्मत लाल महतो समेत प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मतदान को लेकर शपथ ली एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी ने हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं मर्यादा को बनाए रखेंगे। साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी गण मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंगलवार को संयुक्त रूप से विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित पाकुड़ जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर पाकुड प्रखंड स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षणन किया।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हिरणपुर प्रखंड के बिंदाडीह स्थित बूथ संख्या 156 मतदान केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय गमहरिया बूथ संख्या 155, मध्य विद्यालय केंदुआ बूथ संख्या 162, मीडिल स्कूल कालाझोर बूथ संख्या 154 का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय

## एक युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या.

साहिबगंज। जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली छोटी बघियामारी में मंगलवार की शाम करीब 04~15 बजे एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजनों आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां जांच के दौरान डॉ. मोहन मुर्मू ने मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक अशोक मंडल का पुत्र राजीव कुमार मंडल(19) वर्ष था। मृतक के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी दोनों सकरीगली स्टेशन रोड में चूड़ी का दुकान में था। घर से अचानक उसकी पुत्री कॉल कर के बताई कि राजीव कमरा में काफी देर से दरवाजा बंद कर है। इसपर दोनो पति-पत्नी घर पहुंच कर दरवाजा तोड़कर देखा तो राजीव दुपट्टा से सेलिंग पंखा में लटका हुआ है। किसी तरह उसे उतारा गया। इसके बाद सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई है। वही मृतक राजीव साहिबगंज कॉलेज के बीए का छात्र था। मृतक युवक तीन भाई बहन में सबसे छोटा था। वही डीएस डॉ. मोहन मुर्मू ने बताया कि अस्पताल पहुंचने तक युवक की मौत हो चुकी थी। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नगर परिषद के द्वारा छठ पूजा को लेकर गंगा घाट की सफाई शुरू



साहिबगंज लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर के शकुंतला सहाय घाट में नगर परिषद की ओर से शहर की छठ घाटों की सफाई शुरू कर दी गई है।जहाँ जमीन को जेसीबी लगाकर समतल किया जा रहा है।जगह-जगह ड़ष्ट दिया जा रहा है.गंगा घाट में गंदगी और जलकुंभी को साफ करने के बाद छठ घाट अर्घ्य देने के लायक बन सकेगा। जिसको देखते हुए कर्मियों के आदेश दिया गया है कि पहले सुबह में वार्ड की सफाई करेंगे। उसके बाद दोपहर में अपने-अपने मोहल्ले में पहुंचकर छठ घाटों की सफाई करेंगे जहां आज मंगलवार को नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर कर्मियों ने घाट पर पहुंचकर साफ सफाई शुरू कर दी है। जहां छठ घाट में जलकुंभी,घास और अन्य कचरे की सफाई की जा रही है। वहीं पर्व के दिन घाटों पर टेंट लाइट सजावट पेय जल, स्वच्छ जल आदि की व्यवस्था करने की योजना नगर परिषद की ओर से तैयार की गई है घाटों व नदी वह तालाब में बैरिकेडिंग की जाएगी छठ घाटों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है बताया की छठ घाटों पर एवं सड़कों पर लाइट ठीक करने एवं लगाने का कार्य छठ पर्व लगभग पूर्ण हो चुकी है। जिससे छठ घाटों पर आने जाने में श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई नहीं साथ ही सभी क्षेत्र के नदी घाट वह पोखरों का सफाई विशेष तौर पर किया जा रहा है बताया गया है कि जिसको लेकर टीम गठित की गई है।अलग-अलग वार्डों में टीम बनाई

## राम लक्ष्मण की जोड़ी ने गोड्डा विधानसभा क्षेत्र का किया चुनावी दौरा



**पथरगामा प्रतिनिधि ।** प्रखंड में राम लक्ष्मण की जोड़ी ने दर्जनों गांवों का दौरा किया। जिससे राजनीतिक माहौल में हलचल मच गई है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे और गोड्डा विधायक अमित कुमार मंडल को पहले ही राम लक्ष्मण जोड़ी का दर्जा दिया गया था। लोकसभा चुनाव में गोड्डा विधायक अमित कुमार मंडल ने कडी मेहनत और गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के विकास कार्यों के चलते भाजपा को लगभग 18,000 वोटों की लीड मिली थी। अब जब दोनों फिर से चुनावी मैदान में हैं। कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ गया है। लोकसभा चुनाव में हरिजन और आदिवासी वोटों में अफवाहों के कारण काफी कमी आई थी। लेकिन विधानसभा चुनाव में इस बार यह असर होता नहीं दिख रहा। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने लोगों से अपील किया। कि वे विधानसभा में भी ऐसे ही वोट दें। जैसे लोकसभा में दिया था। ताकि ÷डबल इंजन÷ की सरकार बन सके। उन्होंने पथरगामा में मॉडल विद्यालय और परसपानी में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का भी वादा किया, ताकि युवाओं को शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। मौके पर रामस्वरूप पंडित, मुनीलाल भगत, संजय झा, खगेश महतो , अजय महतो, मिथिलेश महतो, राम प्रसाद महतो, संजय मंडल, गौतम राज, कृष्ण कन्हैया, शिवेश वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में एक की मौत

साहिबगंज। जिले में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल जाकिर का सोमवार की रात जांच के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जिरवाबाड़ी थाना पुलिस शव को कब्जे के लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया गया है। मृतक गोड्डा जिला के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जामु झरना के रहने वाले जाकिर अंसारी(46) था। वही मृतक का भांजा आफताब आलम ने बताया कि सोमवार को जाकिर अंसारी व तानकेश्वर ठाकुर दोनो साथ में बाइक से बोरियो भाजपा कार्यालय के उद्घाटन में आए थे। इधर से वापस घर लौटने के दौरान बोआरीजोर रांगामटिया के पास बोरियो की ओर गलत साईड जा रहा ट्रेक्टर अचानक ब्रेक मार दिया। इससे बाइक असंतुलित होकर ट्रेक्टर से टकरा गया। इसमे दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां दोनो घायल को इलाज के लिए बोरियो अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जहां साहिबगंज आने के दौरान घायल जाकिर अंसारी ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया है। इधत जाकिर के शव का पोस्टमार्टम डॉ. ऋतु राज ने किया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## -- बाजार में सौ रूपये पीस बिकी कद्दू



साहिबगंज। छठ पूजा को सफल बनाने को लेकर व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्रियों की खरीददारी जारी है। पूरे बाजार में जगह- जगह विभिन्न सामानों की दुकानें पिछले एक सप्ताह से सजी हैं। यहां श्रद्धालु अपनी मन पसंद वस्तुओं की खरीददारी कर रहे हैं। महंगाई के बावजूद श्रद्धालुओं के छठ पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। बाजार में सोमवार व मंगलवार को कदूदू की कीमत आसमान छूने लगी। एक -कद्दू 100- 200 तक बिकी। जबकि अन्य दिन 20-30 रूपये में बिक रही थी। जबकि सूप 300- 400 रूपये जोड़ा, डाला-300 रुपये पीस,छोटा डाला- 200 रूपये पीस, नारियल 80-100 रूपये जोड़ा, टाभा नींबू 60 रूपये जोड़ा, सकरकंद 40-60 रूपये प्रति किग्रा, केला 500-700 रूपये खानी, ईख 30 रूपये पीस के हिसाब से बिक रही है। इसमें में लोग तोल-भाव करके खरीददारी में जुटे हैं।

## डीसी विभिन्न गंगा घाटों का निरीक्षण करते हुए



साहिबगंजछठ पूजा को लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा सभी गंगा घाटों की सफाई कराई जा रही है।हेमंत सती ने पदाधिकारियों के साथ स्पीड बोट के माध्यम से सभी गंगा घाटों का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने कहा कि आगामी 7 एवं 8 नवंबर को छठ महापर्व निर्धारित है, छठ पूजा आरंभ होने के प्रथम दिन यानी कद्दू भात के दिन से ही श्रद्धालुओं द्वारा गंगा स्नान का सिलसिला आरंभ हो जाता है। इस परिपेक्ष्य उपायुक्त ने शकुंतला घाट, बिजली घाट, ओझा टोली घाट, जनता घाट, छठ घाट, एवं चानन घाट का भी निरीक्षण किया।इसको लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा सभी गंगा घाटों पर सफाई एवं मिट्टी हटाने तथा बैराकेटिंग लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने सभी घाटों पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर रोशनी की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा खतरनाक गंगा घाटों को भी चिन्हित करने तथा गंगा के उचित जल स्तर के बीच श्रद्धालुओं को रहने के लिए बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। बड़े नावों, गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ताकि किसी तरह का कोई अनहोनी ना हो छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं को सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

# बीजेपी झारखंड और संथाल के इतिहास को जिंदा रखना चाहती है : निशिकांत दुबे

## बंग्लादेशी मुसलमानों की जनसंख्या 9प्रतिशत से बढ़कर 26प्रतिशत हो गई

**● आदिवासियों की जनसंख्या घट कर 45 से 26प्रतिशत हो गई**




**संवाददाता**

**देवघर ।** झारखंड बीजेपी ने मैनिफेस्टो जारी कर दिया है, इस मैनिफेस्टो को गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने संपूर्ण बताया है और कहा है कि बीजेपी झारखंड और संथाल के इतिहास को जिंदा रखना चाहती है। मंगलवार को देवघर में प्रेस वार्ता करते हुए सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया कि बीजेपी दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि 10 से 12 दिनों से क्षेत्र में लगातार घूम रहा हूं अनुभव के आधार पर का रहा कि संथाल परगना में चुनाव एक तरफा है। भाजपा का किसी भी पार्टी से मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा झारखंड में हमारी सरकार बनते ही सबसे पहले एनआरसी लागू किया जाएगा। सबसे बड़ी बात है कि आदिवासियों की जनसंख्या घट कर 45त्न से 26त्न हो गई है। और बंग्लादेशी मुसलमानों की जनसंख्या 9त्न से बढ़कर 25 से 26त्न हो गई है। ऐसे में सभी को चिन्हित करना है। आदिवासियों की जमीन पर जो कब्जा कर रखा है उन्हें फिर से वापस बीजेपी दिलाने का काम करेगी। सांसद ने कहा कि डेमोग्राफी और आदिवासियों को बचाने के लिए बीजेपी ने सबसे बड़ा संकल्प लिया है। डॉ. निशिकांत ने कहा कि संथाल परगना में सिदो कान्हो, चांद भैरव और फूलो झानो ने बड़ा योगदान दिया है। लेकिन उनके बलिदान को मिटाने की साजिश झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा की जा रही है और उनके पैरलर में शिबू सोरेन को जेएमएम खड़ा करना चाहती है। सांसद ने कहा कि जेएमएम की साजिश है कि एक दिन ऐसा आयेगा जब भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हो, चांद भैरव और फूलो झानो से बड़ी स्टैचू शिबू सोरेन की होगी और शिबू सोरेन मार्डन युग के भगवान माने जाएंगे। इस कारण से भारतीय जनता पार्टी इतिहास को जिंदा रखना चाहती है। इसलिए दुमका में सिदो कान्हो के नाम पर स्टैचू और रीसर्च सेंटर बनाए जाएंगे। ताकि आने वाली पीढ़ियों को पता चले कि अंग्रेजों से कितनी बड़ी लड़ाई सिदो कान्हो ने लड़ी। गोड्डा सांसद ने कहा कि जनता को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बीजेपी गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज बनाएगी। पीने के पानी और सिंचाई के पानी के लिए साधन की व्यवस्था करेगी। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार कैसे दिया जाए। उसपर काम करेगी। बेरोजगार युवाओं, महिलाओं को आर्थिक मदद के लिए सम्मानित राशि दी जाएगी। अनुबंधित कर्मियों को नियमित करने की व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सभी वर्ग का ख्याल और खासकर संथाल परगना के दर्द को खत्म करने का प्रयास इस मैनिफेस्टो में किया है। जो संपूर्ण है।

# झारखंड में चलेगा झारखंडी कानून, गुजरात और असम का कानून नहीं मानेंगे : हफीजुल



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** झारखंड में न तो गुजरात का कानून चलेगा और न ही असम का ये बातें झारखंड सरकार के मंत्री और इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी हफीजुल हसन ने एक बातचीत में पत्रकार अरशद मधुपुरी और मो. अमजद हुसैन से कही। हसन ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पार्टी झारखंड में अपनी साख खो चुकी है। यही कारण है कि अब गुजरात और असम के नेता यहां आकर अपने कानून थोपने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन झारखंड की जनता ऐसा हरगिज़ बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंडी अपने वोट की चोट से इन बाहरी नेताओं को जवाब देंगे। हसन ने सवाल उठाते हुए कहा, ÷ये गुजराती और आसामी नेता कभी झारखंड के नौजवानों और उनके हित की बात नहीं करते। वे यहां आकर सिर्फ जाति और मजहब की राजनीति करते हैं। झारखंड के विकास की चिंता सिर्फ झारखंडियों को ही हो सकती है, और इंडिया गठबंधन के नेता ही झारखंड की तरक्की को लेकर सच्चे दिल से प्रयासरत हैं।÷ उन्होंने भाजपा की पुरानी सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, ÷भाजपा ने अपने 18 साल के शासन में झारखंड को तबाह कर दिया और यहां की दौलत को दिल्ली में बैठे अपने आकाओं की जेब में पहुंचा दिया। झारखंड के युवा बेरोजगारी की मार झेलते रहे और रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में भटकते रहे। अब, जब झारखंड की सत्ता उनके हाथ से फिसल गई है, तो उन्हें झारखंड की फिक्र सताने लगी है क्योंकि अब यहां से लूट का माल दिल्ली नहीं जा रहा।÷ हसन ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी हर चुनाव में नए-नए झूठ और मजहबी जुनून के मुद्दों को उठाकर युवाओं को भड़काने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा, अभी इन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिए नजर आ रहे हैं।भाजपा बताएं कि झारखंड में बांग्लादेश की सीमा कहां है? असम और बंगाल से सीमा लगी है, लेकिन भाजपा के असम के नेता आकर झारखंड की जनता को झूठे मुद्दों से भटका रहे हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷अगर बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या है, तो केंद्र में भाजपा की सरकार है और गृह मंत्रालय उनके पास है, फिर कार्रवाई क्यों नहीं करते? सिर्फ झारखंड सरकार को बदनाम करना भाजपा की फितरत बन गई है, लेकिन जनता अब उनकी हर चाल को समझ चुकी है। हसन ने भरोसा जताया कि झारखंड की तरक्की झारखंडी नेताओं के हाथों में ही है, और सिर्फ हेमंत सोरेन ही राज्य को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड में विकास की दिशा दिखाई है, और यहां की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। आने वाले चुनावी नतीजे इस बात को साबित करेंगे।

# डाकमत पत्र से मतदान के लिये तीन स्थलों को किया गया चिन्हित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत डाकमत पत्र से होने वाले मतदान को लेकर जिलास्तर पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। साथ ही डाकमत पत्र से मतदान हेतु तीन स्थलों को चिन्हित किया गया है यथा- सर्राफ उच्च विद्यालय, समाहरणालय एवं पुलिस लाईन है। जहां मतदान कार्यो में प्रतिनियुक्त अधिकारी व कर्मी के साथ दूसरे जिलों के इलेक्सन ऑन ड्यूटी के मतदाता आज से 18 नवम्बर तक अपना मतदान डाकमत पत्र के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर ने डाकमत पत्र से हो रहे मतदान को लेकर सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा है कि मतदान के समय राजनीतिक दल अपने प्रतिनिधि या अपने एजेंट की उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 05 बजे तक सुनिश्चित किया गया है। वहीं पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान-पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा, ताकि मतदाता अपने मतों का उपयोग कर सके।

# भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान



**संवाददाता**

**जामा।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने मंगलवार को महुलबोना, आसनजोर,लगला, बारा व पलासी समेत दर्जनों गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान हेठरेंगनी, ऊपररेंगनी, बनिहर टोला, आसनजोर, सिरसा, बंधा, लगला, वैसा, पिपरा सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित जामा विधानसभा से भारी मतों से जिताने का आग्रह किया। जन संपर्क कार्यक्रम में सुरेश मुर्मू ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग भाजपा प्रत्याशी को जीताकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने को लेकर उत्साहित हैं। माटी बेटी और रोटी को सुरक्षित रखने के लिए भाजपा संकल्पित है।

इस मौके पर लगला पंचायत में दर्जनों झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू के समक्ष भाजपा का दामन थाम लिया। सभी को प्रत्याशी सुरेश मुर्म ने पार्टी का अंगवस्त्र पट्टा पहनाकर स्वागत किया। पार्टी में अंग्रेज मांझी, निलकंठ मांझी, नविन महाराणा, पुरन दर्वे, मधु देवी, रेखा देवी, जनता मांझी आदि शामिल हुए। मौके पर राजू पुजहर, इंद्रकांत यादव, आनंदी राउत, घोलटन खिरहर, दिलीप यादव, बिरेन्द्र चौधरी, फूटो देवी, रमेश कुमार,शक्ति दर्वे समेत अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल और सिम कार्ड बरामद

**संवाददाता**

**देवघर।** साईबर पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से मिली सूचना पर साइबर थाना पुलिस ने की है। एसपी को सूचना मिली थी कि देवघर जिले के कुंडा थाना अंतर्गत नैयाडीह जंगल में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहें है। इसी सूचना के आधार पर साइबर थाना के प्रभारी कृष्णानंद सिंह के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई और इस टीम में साइबर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नागेन्द्र प्रसाद सिंह,कुंडा थाना प्रभारी विकास पासवान के सहयोग से छापेमारी करते हुए कुल दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर के 37 वर्षीय सुरेन्द्र भारती, पिता मोहन दास, पथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत गौनैया के 21 वर्षीय विपुल कुमार दास,पिता-मुरारी दास शामिल हैं। पुलिस ने इन दोनों अपराधियों के पास से 05 मोबाइल 08 सिम कार्ड जब्त किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर नंबर पर अपना फर्जी मोबाईल नंबर को पंच कर ठगी करते थे। जैसे ही कोई कस्टमर अपने रिफंड के समानों के विषय में फोन करता था तो ये लोग कस्टमर केयर बनकर उसे गुमराह करके उसके साथ साइबर ठगी करते थे और फर्जी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फोन पे गिफ्ट कार्ड क्रिएट करवाकर उसे रिडीम कर ठगी करना।

## छठ पूजा नहाय खाय के साथ प्रारंभ

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के आस्ताजोड़ा, बरमसिया, छोटा तेतरिया डंगाल,गुमरो,कठलिया, खैरबनी आदि गांवों में चार दिवसीय आस्था के महापर्व छठ पूजा मंगलवार को नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो गया है। आस्तजोड़ा निवासी सोहन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज व्रतियों ने स्नान कर व नया वस्त्र धारण कर छठी मइया को आराधना कर लौकी भात(चावल) ग्रहण किया। बुधवार को खरना,गुरुवार को अस्ताचल अर्घ,शुक्रवार को उदयमान सूर्य को अर्घ दिया जाएगा।

**झारखण्ड विधानसभा चुनाव-2024**

**अपराधिक मामलों की स्व-घोषणा**

**प्रत्याशी का नामः अधीर कुमार मंडल**

**पिता का नामः नागेन्द्र नाथ मंडल**

**ग्रामः** उत्तर बेगमगंज, थाना- राधानगर

**राजनीतिक दल का नाम :** निर्दलीय

**विधानसभा क्षेत्र राजमहल 01**

**अपराधिक मामलों का विवरणः** केस एक अवैध बालू की चोरी

**अपराध :** प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी ए.ओझा राजमहल सीसी केस संख्याः 453/2022

**धारा :** 498 ए एवं दहेज प्रताड़ना अधिनियम धारा 3/4 डीपी एक्ट

# सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**जरमुंडी ।** विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौर ने जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, आवागमन को लेकर सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मध्य विद्यालय सरडीहा, मध्य विद्यालय बासुकीनाथ, उच्च विद्यालय जरमुंडी, प्राथमिक विद्यालय बांग्ला जरमुंडी, कन्या मध्य विद्यालय जरमुंडी, उच्च विद्यालय दुधनी, मध्य विद्यालय सहारा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लखना व अन्य बूथों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मौजूद अंचल अधिकारी संजय कुमार, बीडीओ कुंदन भगत, बासुकीनाथ नगर पंचायत के प्रशासक अजमल हुसैन व संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर शिक्षक अनिल कुमार, आलोक कुमार मिश्रा, अनुपमा कुमारी, संगीता कुमारी, रवि कुमार सहित संबंधित मतदान केंद्रों से जुड़े बीएलओ एवं अन्य मौजूद थे।

# छठ पूजा और मुण्डन मास को लेकर यातायात रूट में बदलाव, भीड़ वाली जगह में नो इंट्री जोन




**संवाददाता**

**देवघर।** छठ पूजा को लेकर डीसी सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार छठ पूजा 07 नवंबर से 08 नवंबर तक जिले में यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात थाना द्वारा दिनांक-07 नवंबर को समय दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक और दिनांक-08 नवंबर को रात्रि 02:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक एक यातायात प्लान तैयार किया गया है। साथ ही मुण्डन मास होने के कारण शिवगंगा एवं मंदिर क्षेत्र में अत्यधिक श्रद्धालुओं के भीड़ होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस कारण शिवगंगा एवं मंदिर क्षेत्र के आस-पास कई स्थलों पर 05 नवंबर से 20 नवंबर तक नो-इन्ट्री जोन बना है। दुमका की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रेक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाड़ी को हिण्डोलावरण, गोड्डा की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रेक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाड़ी को चौपा मोड़ से 100 मीटर पहले, गिरीडीह की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रेक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को खैरवातरी पेट्रोल पम्प, मधुपुर की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रेक्टर एवं अन्य मालवाहक गाड़ी को चाँदडीह, सारठ की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रेक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाड़ी को कर्णकोल मोड़, जमुई बिहार की ओर से आने वाली सभी वाहन बस, ट्रक, ट्रेक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाड़ी को अंधरीगादर पिकेट एवं बांका बिहार की और से आने वाली सभी वाहन ट्रक, ट्रेक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाड़ियों को दर्दमारा में प्रवेश निषेध बिन्दु बनाये गये हैं। इसके अलावे डढ़वा नदी छठ घाट का प्रवेश निषेध बिन्दु मेहर गार्डन, रोहिणी शहीद द्वार होते हुए जसीडीह से देवघर की ओर जाने वाली सभी छोटी-बड़ी वाहन, रोहिणी शहीद द्वार से दाहिने, रोहिणी बाजार होते हुए कोरियासा, से अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगी एवं देवघर से जसीडीह की ओर जाने वाली सभी छोटी-बड़ी वाहन, सत्संग ओवर ब्रिज से शंख मोड़ कोरियासा रोहिणी बाजार होते हुए अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेगी। सत्संग गेट से बेलाबगान, चमारीडीह, कुमैठा स्टेडियम होते हुए जसीडीह अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेगी।

# महिलाओं ने आंगनबाड़ी सेविका के रवैये से नाराज होकर किया हंगामा

**संवाददाता**

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र की गोलबंधा पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 85 लहरजोरिया में मंगलवार को पोषक क्षेत्र के अभिभावक महिलाओं ने आंगनबाड़ी सेविका सुकुमुनी हेम्ब्रम के रवैये से नाराज होकर हंगामा किया। और महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मसलिया से कार्रवाई करने की मांग की। इसकी सूचना मिलते ही दो महिला पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी व चंपा देवी अभिभावकों को समझाने बुझाने लहरजोरिया आंगनवाड़ी पहुंची। लेकिन लहरजोरिया की ग्रामीण महिलाएं इतनी उग्र होकर विरोध करती रही जिस कारण दोनों बेरंग लौट गए । इसकी जानकारी मिलने के बाद सामाजिक युवा जागरुकता संगठन के अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा उक्त आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे और महिलाओं से मिलकर इसकी उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। पोषक क्षेत्र की महिलाओं का कहना था की सेविका ने एक दिन पूर्व सीडीपीओ कार्यालय से मिलने वाली ड्रेस को बच्चों को पहनकर फोटो खींचकर वापस उतरवा दिया गया। इससे नाराज महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र में हो हंगामा किया। पोषक क्षेत्र के सलमा हांसदा, मोनिका मरांडी व रोशनी मराण्डी आदि किशोरियों का कहना था कि सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के आवेदन फार्म उपलब्ध कराने के नाम पर सेविका दो-दो सौ रुपए मांग कर रही है। नहीं देने पर फार्म नहीं भर पाई है। वहीं बच्चों का ड्रेस से लेकर अन्य सामग्रियों को उन तक पहुंचाने के नाम पर भाड़े के एवज में 40-40 रुपये की मांग कर रहे थे। नहीं देने पर बच्चों को ड्रेस पहना कर उतरवा दिया गया। वही आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पोषाहार के नाम पर मात्र सादा खिचड़ी परोस कर खिलाया जाता है। एक दिन भी हलवा या अंडा नहीं दिया जाता है। जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका 5 वर्षों से संचालन करती आ रही है । सहायिका एमेली बेसरा ने बताया कि यहां बच्चों के पानी पीने का साधन नहीं है वह मुश्किल से चापाकल में कई बार हैंडल चलाने के बाद पानी निकल पाता है ऐसे में भोजन बनाना काफी कष्टदायक काम हो जाता है। शिवनाथ बेसरा ने बताया कि स्टोर रूम मेंएक भी सामान नहीं था वहीं गैस के बजाय चूल्हे और लकड़ी से भोजन सहायिका बना रही थी।

# विधायक नारायण दास ने चलाया घर घर संपर्क अभियान



**संवाददाता**

**देवघर।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामुडीह, बाघमारी, राजपुरा पंचायत के कई गांवों का दौरा कर घर घर पहुंच जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पंचायत व ग्रामवासी कई लोग जन संपर्क अभियान में शामिल हुए। विधायक नारायण दास ने अपने कार्यालय के विकास, मोदी जी विकास के नाम पर अपने पक्ष में वोट मांगे और पुनः एक बार भारी मतों से जीत दर्ज कराने का अपील लोगों से किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनीष उर्फ चुनूं बर्नवाल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष भगत यादव, विकास यादव, सुनील यादव, मनोज सिंह, गंगाधर मंडल, विकास कुमार आदि सैकड़ों उपस्थित थे।

**विधानसभा आम चुनाव, 2024**
**प्रशिक्षण कोषांग, गोड्डा**
**प्रशिक्षण स्थल – महिला महाविद्यालय, गोड्डा**

16–पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र | 16–पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र

प्रथम पाली 9:00 बजे पूर्वा0 से 12:00 बजे अप0 तकद्वितीय पाली 01:00 बजे अप0 से 04:00 बजे अप0 तक

| तिथि | कुल पार्टी | पार्टी सं0 | कुल प्रतिभागी | कमरों की संख्या | | कुल पार्टी | पार्टी सं0 | कुल प्रतिभागी | कमरों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10.11.2024 | 14 | 01 से 14 | 56 | 1 | GROUND FLOOR | 14 | 211 से 224 | 56 | 1 | GROUND FLOOR |
| | 14 | 15 से 28 | 56 | 2 | | 14 | 225 से 238 | 56 | 2 | |
| | 14 | 29 से 42 | 56 | 3 | | 14 | 239 से 252 | 56 | 3 | |
| | 14 | 43 से 56 | 56 | 4 | | 14 | 253 से 266 | 56 | 4 | |
| | 14 | 57 से 70 | 56 | 5 | | 14 | 267 से 280 | 56 | 5 | |
| | 14 | 71 से 84 | 56 | 6 | 1st FLOOR | 14 | 281 से 294 | 56 | 6 | 1st FLOOR |
| | 14 | 85 से 98 | 56 | 7 | | 14 | 295 से 308 | 56 | 7 | |
| | 14 | 99 से 112 | 56 | 8 | | 14 | 309 से 322 | 56 | 8 | |
| | 14 | 113 से 126 | 56 | 9 | | 14 | 323 से 336 | 56 | 9 | |
| | 14 | 127 से 140 | 56 | 10 | | 14 | 337 से 350 | 56 | 10 | |
| | 14 | 141 से 154 | 56 | 11 | 2nd FLOOR | 14 | 351 से 364 | 56 | 11 | 2nd FLOOR |
| | 14 | 155 से 168 | 56 | 12 | | 14 | 365 से 378 | 56 | 12 | |
| | 14 | 169 से 182 | 56 | 13 | | 10 | 379 से 388 | 40 | 13 | |
| | 14 | 183 से 196 | 56 | 14 | | 10 | 389 से 398 | 40 | 14 | |
| | 14 | 197 से 210 | 56 | 15 | | 10 | 399 से 408 | 40 | 15 | |
| | 210 | | 840 | | | 198 | | 792 | | |

17–गोड्डा विधानसभा क्षेत्र (9:00 पूर्वा0 से 12:00 अप0) | 17–गोड्डा विधानसभा क्षेत्र (1:00 अप0 से 04:00 अप0)

| तिथि | कुल पार्टी | पार्टी सं0 | कुल प्रतिभागी | कमरों की संख्या | | कुल पार्टी | पार्टी सं0 | कुल प्रतिभागी | कमरों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11.11.2024 | 14 | 01 से 14 | 56 | 1 | GROUND FLOOR | 14 | 219 से 232 | 56 | 1 | GROUND FLOOR |
| | 14 | 15 से 28 | 56 | 2 | | 14 | 233 से 246 | 56 | 2 | |
| | 14 | 29 से 42 | 56 | 3 | | 14 | 247 से 260 | 56 | 3 | |
| | 14 | 43 से 56 | 56 | 4 | | 14 | 261 से 274 | 56 | 4 | |
| | 14 | 57 से 70 | 56 | 5 | | 14 | 275 से 288 | 56 | 5 | |
| | 14 | 71 से 84 | 56 | 6 | 1st FLOOR | 14 | 289 से 302 | 56 | 6 | 1st FLOOR |
| | 14 | 85 से 98 | 56 | 7 | | 14 | 303 से 316 | 56 | 7 | |
| | 14 | 99 से 112 | 56 | 8 | | 14 | 317 से 330 | 56 | 8 | |
| | 14 | 113 से 126 | 56 | 9 | | 14 | 331 से 344 | 56 | 9 | |
| | 14 | 127 से 140 | 56 | 10 | | 14 | 345 से 358 | 56 | 10 | |
| | 14 | 141 से 154 | 56 | 11 | 2nd FLOOR | 14 | 359 से 372 | 56 | 11 | 2nd FLOOR |
| | 14 | 155 से 168 | 56 | 12 | | 14 | 373 से 386 | 56 | 12 | |
| | 14 | 169 से 182 | 56 | 13 | | 14 | 387 से 400 | 56 | 13 | |
| | 14 | 183 से 196 | 56 | 14 | | 14 | 401 से 414 | 56 | 14 | |
| | 14 | 197 से 210 | 56 | 15 | | 14 | 415 से 428 | 56 | 15 | |
| | 8 | 211 से 218 | 32 | 16 | 1st FLOOR | 7 | 429 से 435 | 28 | 16 | 1st FLOOR |
| | 218 | | 872 | | | 217 | | 868 | | |

प्रशिक्षण स्थल – महिला महाविद्यालय, गोड्डा

18–महागामा विधानसभा क्षेत्र | 18–महागामा विधानसभा क्षेत्र

प्रथम पाली 9:00 बजे पूर्वा0 से 12:00 बजे अप0 तकद्वितीय पाली 01:00 बजे अप0 से 04:00 बजे अप0 तक

| तिथि | कुल पार्टी | पार्टी सं0 | कुल प्रतिभागी | कमरों की संख्या | | कुल पार्टी | पार्टी सं0 | कुल प्रतिभागी | कमरों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12.11.2024 | 14 | 01 से 14 | 56 | 1 | GROUND FLOOR | 14 | 225 से 238 | 56 | 1 | GROUND FLOOR |
| | 14 | 15 से 28 | 56 | 2 | | 14 | 239 से 252 | 56 | 2 | |
| | 14 | 29 से 42 | 56 | 3 | | 14 | 253 से 266 | 56 | 3 | |
| | 14 | 43 से 56 | 56 | 4 | | 14 | 267 से 280 | 56 | 4 | |
| | 14 | 57 से 70 | 56 | 5 | | 14 | 281 से 294 | 56 | 5 | |
| | 14 | 71 से 84 | 56 | 6 | 1st FLOOR | 14 | 295 से 308 | 56 | 6 | 1st FLOOR |
| | 14 | 85 से 98 | 56 | 7 | | 14 | 309 से 322 | 56 | 7 | |
| | 14 | 99 से 112 | 56 | 8 | | 14 | 323 से 336 | 56 | 8 | |
| | 14 | 113 से 126 | 56 | 9 | | 14 | 337 से 350 | 56 | 9 | |
| | 14 | 127 से 140 | 56 | 10 | | 14 | 351 से 364 | 56 | 10 | |
| | 14 | 141 से 154 | 56 | 11 | 2nd FLOOR | 14 | 365 से 378 | 56 | 11 | 2nd FLOOR |
| | 14 | 155 से 168 | 56 | 12 | | 14 | 379 से 392 | 56 | 12 | |
| | 14 | 169 से 182 | 56 | 13 | | 14 | 393 से 406 | 56 | 13 | |
| | 14 | 183 से 196 | 56 | 14 | | 14 | 407 से 420 | 56 | 14 | |
| | 14 | 197 से 210 | 56 | 15 | | 14 | 421 से 434 | 56 | 15 | |
| | 14 | 211 से 224 | 56 | 16 | 1st FLOOR | 13 | 435 से 447 | 52 | 16 | 1st FLOOR |
| | 224 | | 896 | | | 223 | | 892 | | |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, गोड्डा

PR 339898 (Election)24-25*D

# देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है हेमंत सरकार : शिवराज सिंह चौहान

**संवाददाता**

जामताड़ा ~ सारठ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान। करमाटांड़ के मिशन ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड की निवर्तमान हेमंत सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। सभा स्थल पर हेलीकॉप्टर से उतरने के साथ ही प्रत्याशी रणधीर सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों को एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। साथ हीं नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। वही मीडिया से बात करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन के पाप का घड़ा भर गया है। यह कभी रोते हैं तो कभी चिट्ठी लिखते हैं। उनके रोने और चिट्ठी लिखने से राज्य की जनता तंग आ चुकी है और उन्हें सत्ता से बेदखल करने का फैसला कर लिया है। इस बार झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। वही प्रत्याशी रणधीर सिंह ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उनके विरुद्ध जो प्रत्याशी उतारा है उन्होंने जनता से भेदभाव एवं शोषण किया है जबकि मेरे दो टर्म के कार्यकाल में सारठ विधानसभा क्षेत्र में विकास की झड़ी लग गई है। उनके काम को देखते हुए जनता उनके पक्ष में मतदान करेगी। जनता को सेवक की जरूरत है।



## हेमंत सरकार ने यहां के युवाओं के सपनों को बेचने का काम किया है : शशांक राज



**जामताड़ा ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय में मंगलवार को परिवर्तन चौपाल कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जामताड़ा भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुणाल सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज व प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन शुभम साहू ने किया। मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार ने जो प्रदेश के युवाओं के साथ वादा खिलाफी किया है, यहां के युवाओं के सपनों को बेचने का काम किया है उसका परिणाम इस विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को भोगना पड़ेगा। हेमंत सरकार ने युवाओं के सपनों का रेट लगाने का काम किया है। उसके खिलाफ इस विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश के 4 हजार 4 सो से अधिक पंचायत में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तरफ से परिवर्तन चौपाल लगाने का निर्णय लिया गया है। उसी के तहत आज जामताड़ा विधानसभा के ज्येष्ठय श्रेष्ट कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।

## मतदाता पर्ची का वितरण, बीडीओ ने किया निरीक्षण



पथरगामा प्रतिनिधि ~ विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने मतदाता सूचना पर्ची के वितरण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। भाग संख्या 125, 126, और 127 के मतदान केंद्रों पर बीएलओ के कार्यों का जायजा लिया गया। जिसमें उन्होंने मतदाताओं के घर जाकर वितरण का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि बीएलओ ने उन्हें पर्चियाँ वितरित कर दी हैं। इसके साथ ही, लोगों से मतदान सुनिश्चित करने के लिए 20 नवंबर को मतदान और फिर जलपान का संकल्प लिया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ जानकी देवी, कंचनलता और सरिता मुर्मू भी उपस्थित थीं।

## कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया



**महागमा प्रतिनिधि गोड्डा/** महागामा विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए कांग्रेस कार्यालय महागामा में झारखंड आंदोलनकारियों के साथ बैठक की।इस बैठक के दौरान दीपिका पांडेय सिंह ने आंदोलनकारियों के मुद्दों पर चर्चा की और भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।इन्होंने आंदोलनकारियों से कहा कि आप सभी सरकार का बहुत बड़ा व्यक्ति है जो आप सभी ने मिलकर झारखंड का जो कल्पना किया था यहां के रहने वालों लोगों के लिए काम होगा आप सभी का संघर्ष को हम लोग नमन करते हैं।भले ही आप सभी के मांगों को पूरा करने में देरी हो गई है इसके लिए क्षमा करेंगे।मैं भरोसा देती हूं कि महागठबंधन सरकार बनते ही आपकी मांगे पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुख्यमंत्री से लगातार निवेदन रहा है कि झारखंड आंदोलनकारियों की लंबित मांगों पर ध्यान दें और जो भी उचित भुगतान या लाभ हैं, उन्हें प्रदान करें।दीपिका पांडेय ने कहा महागठबंधन सरकार झारखंड के लोगों के हित में काम कर रही है।वहीं भाजपा अफवाह व लॉलीपॉप संकल्प पत्र दिखाकर लोगों को ठकना चाह रही है लेकिन जनता जनार्दन इनकी झांसे में नहीं आने वाले हैं।भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार को आमजनों का आपार समर्थन देखते हुए भजपा गठबंधन इतना डर चुकी है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मेरी सदस्यता रद्द करने की अफवाह फैला रहें थे।इन्होंने कहा महागठबंधन की सरकार बनते ही जनकल्याणी योजना व आप सभी के मांगों को पूरा किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने बिजली बिल माफी, कृषि ऋण, अबुआ आवास, मइयां सम्मान योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से आम जनता को राहत दी है, और झारखंड के लोगों के कल्याण के लिए भविष्य में भी ऐसी योजनाएं लाई जाएंगी।इन्होंने कहा बिजली बिल में किसी का करीब 95 हजार भी माफ हुआ है।वहीं बैठक में आंदोलनकारियों ने दीपिका पांडेय सिंह को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया व इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का आश्वासन दिया।

## खरहरी माता दरबार में ज्योत जागरण की धूम



ठाकुरगंगटी संवाददाता (गोड्डा) विगत वर्षों की तरह सोमवार की रात्रि प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मोपहाड़ी स्थित खरहरी माता मंदिर परिसर में ज्योत जागरण का उद्घाटन मां खरीदारी पर्यटन स्थल सेवा विकास समिति के सदस्यों ने मिलकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि समिति सदस्यों के साथ-साथ इलाके के गणमान्यों, शिक्षाविदों, बुजुर्गों, नवयुवकों, समाज सेवियों, पंचायत प्रतिनिधियों, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कई दलों के नेताओं का इस खरहरी माता पर्यटन स्थल को आगे बढ़ाने में योगदान रहा है। अभी इस पर्यटन स्थल को और अधिक आगे बढ़ाते हुए विकसित करने की आवश्यकता है। खरहरी माता के आशीर्वाद से लाखों लोगों का भला हुआ है।चमत्कार को मानते हुए ही लोग यहां पूरे वर्ष अपने सुविधा अनुसार पूजा अर्चना करने आते हैं।

## स्वीप के तहत गांधी मैदान में फैंसी बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



जामताड़ा ~ विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत मंगलवार को जिले के गांधी मैदान में फैंसी बैडमिंटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार के द्वारा किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में अंडर 17, 17 प्लस एवं मीडिया, युवा एवं जिला प्रशासन की टीम ने भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वीप के तहत आज जिला प्रशासन के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, आगे भी कई ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सके। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों से अपील कर कहा कि 20 नवम्बर को सभी जिलेवासी अपने अपने घरों से बाहर निकलें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना मतदान अवश्य करें। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ दिलाया। वहीं बच्चों से उन्होंने अपने माता पिता एवं अभिभावकों से भी वोट करने हेतु अपील किया। वहीं इस दौरान विजेता प्रतियोगियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डी डी भंडारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार सहित स्वीप कोषांग से पूनम, एबलिन हांसदा, सिराज अंसारी, मीना पुजहर, राज कुमार मंडल सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## ललमटिया चौक पर हुई गोलीबारी से एक व्यक्ति बुरी तरह घायल



**ललमटिया संवाददाता** ( गोड्डा) करीब एक दशक शांत रहने के बाद एक बार फिर से ललमटिया गोलीबारी की घटना से दहल उठा है। मंगलवार की शाम सिद्धों कान्हु चौक पर अवस्थित त्रिवेणी होटल के सामने डकैता निवासी जॉन किस्कू पर अज्ञात हमलावरों ने करीब चार राउंड फायरिंग किया जिसमें वो बुरी तरह घायल हुआ है। आनन फानन मे उसे महागामा ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक़ करीब 6~00 बजे जोहन किस्कू अपनी पत्नी के साथ ललमटिया साप्ताहिक हाट करके वापस बेजम स्थान स्थित अपने आवास लौट रहा था। तभी किसी ने उसे फोन किया और वह त्रिवेणी होटल के सामने रुककर बात करने लगा । इसी बीच सफेद बाइक पर दो नकाबपोश हमलावर आए और जोहन पर फायरिंग शुरू कर दी। करीब चार राउंड फायरिंग के बाद हमलावर पीरपैंती की ओर भाग निकले। गोलियों की आवाज सुनकर और जोहन को गिरे देख स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना स्थल से पुलिस को 3 खोखा मिला है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। प्रारंभिक छानबीन से ज्ञात होता है कि ये घटना पुरानी रंजिश का ही परिणाम है। इससे पहले जोहन के बड़े भाई क्लस्टिंग की हत्या साहिबगंज में हो चुकी है और छोटा भाई क्लाउड जो लंबे समय से कई संगीन मामलों मे फरार है। हालांकि जोहन वर्तमान मे सामान्य जीवन गुजार रहा था और डकैता के पैतृक घर को छोड़ बेजम स्थान

## दो दिवसीय नॉक आउट क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन, फाइनल बिजेता बने बामनडीहा टीम



फतेहपुर ~ मंगलवार को युवा मंच बड़वा द्वारा आयोजित दो दिवसीय नॉक आउट क्रिकेट टुर्नामेंट का फाइनल मुक़ाबला बामनडीहा एवं नाला टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बामनडीहा ने निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाया, जबाबी पारी खेलने उतरी नाला टीम ने 9 विकेट के खोकर 84 रन ही बना पाया। टूनामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो युवा मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष कुणाल कांचन उपस्थित थे। मौके पर विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टुर्नामेंट में उम्दा प्रदर्शन करने वाले साहिल को मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। मौके पर संबोधित करते हुए कुणाल कांचन ने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है। खेल भी शिक्षा का एक अंग है, कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट देश में काफी लोकप्रिय खेल है और लगभग हर घर में इसके प्रेमी मिल जायेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। मौके पर आयोजन कमिटी के आकाश, रुद्र, निरंजन, हिमेश, गौरव, बबलू, मुकेश, आलोक, प्रियजीत, अमरदीप आदि उपस्थित थे।

## बाल विकास विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों ने शिक्षकों संग मनाया सम्मान समारोह



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय अंतर्गत 14 नवम्बर 1971 में स्थापित बाल विकास विद्यालय के प्रथम बैच के सभी छात्रों ने मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय परिवार के पूर्व शिक्षक, वर्तमान शिक्षक एवं छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं चेंबर के अध्यक्ष प्रीतम गाडिया को भी पूर्ववर्ती छात्रों ने सम्मानित किया, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी मीडिया बंधुओं को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।इस आयोजन में उपस्थित पूर्व छात्रों ने अपने पुराने दिनों की यादें ताजा की और विद्यालय में बिताए अनमोल पलों को साझा किया।

पूर्ववर्ती छात्रों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि गरीब मेधावी छात्र के नाम पर एक छात्रवृत्ति स्थापित करने की पहल की गई है जिसे विद्यालय के प्राचार्य के सहयोग से किया जाएगा जिससे उसे शिक्षा में सहयोग प्राप्त हो सके और पैसे के अभाव में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित ना हो। विद्यालय में उपस्थित छात्रों के बीच उपहार वितरित किया गया। इस दौरान डॉ0 पवन अग्रवाल, अरुण टेकरीवाल, ललित बजाज, संजय सहाय, संजय साह, आलोक वर्मा एवं शाहीन खान आदि पूर्ववर्ती छात्र मौजूद रहे।

## विस चुनाव के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारियों ने मंडल कारा का किया निरीक्षण



**गोड्डा ।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी बैधनाथ उराँव एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्त्व में मंगलवार की सुबह को मंडल कारा में छापेमारी की गई है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त छापेमारी में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नही हुई है। उक्त छापेमारी में डीसीएलआर रितेश जायसवाल, डीएसओ श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन भुदोलिया, प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, सदर सर्किल इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा, मुफस्सिल थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस महिला पुरुष आरक्षी शामिल थे।

## मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन संपन्न, 5200 कर्मचारियों का हुआ चयन



गोड्डा ~ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन समाहरणालय स्थित एनआईसी में संपन्न हुआ। इस दौरान निर्वाचन आयोग के विशेष साफ्टवेयर से विधानसभावार रेंडमाइजेशन कराते हुए मतदान दल बनाए गए। जिले के सभी 1178 मतदान केन्द्रों के लिए विधानसभावार मतदान दल गठित किए गए। सामान्य प्रेक्षक 16 पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र, उदय भानु त्रिपाठी (भा0प्र0से0), सामान्य प्रेक्षक, 18 महागामा विधानसभा क्षेत्र, नितीन कुमार पाटिल (भा0प्र0से0) एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान 5200 कर्मचारियों में 1290 प्रजाइडिंग ऑफिसर, 1290 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 1330 द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं 1290 तृतीय

## कुआं में डूबने से युवक की मौत

कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के लाल कोठी स्थित एक पुराना कुआं में पप्पू रवानी की कुआं में डूबने से मौत हो गई, वही पिता सुरेश (स्द्धह्वद्ध) रवानी नै जानकारी देते हुए कहा कि, मेरा बेटा पप्पू रवानी 3 तारीख को ही शाम को घर से बाहर निकाला था उसके बाद हमने 4 तारीख को थाना में जाकर जानकारी दिए कि मेरा बेटा पप्पू रवानी घर से लापता है उसके बाद आज 5 तारीख सुबह ग्रामीणों द्वारा पता चला कि कुआं में कोई डूबा हुआ है तो हम लोगों ने जाकर देखा की मेरा बेटा ही है फिर ग्रामीणों ने कर्माटांड़ थाना को सूचना दिया फिर थाना से प्रशासन आकर शब को उठाया उसके बाद शब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया जामताड़ा , वही पप्पू रवानी अपने पीछे दो बेटी को छोड़कर स्वर्ग शिधार गए वही परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## दोस्त के साथ नहाने गए एक युवक की तालाब में डूबने से मौत

ललमटिया संवाददाता (गोड्डा) जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र स्थित महुआसोल तालाब में डूबने से एक युवक की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपने दो दोस्तों के साथ पथरगामा थाना क्षेत्र के महुआसोल तालाब में नहाने गया था, उसी दौरान ये घटना हुई है। वहीं बताया जा रहा है कि मृतक युवक शराब के नशे में धूत था। जिसके कारण तालाब की गहराई का पता नहीं चला और गहरे पानी में चला गया। मृतक युवक की पहचान नीरज कामती , ग्राम - ढाड़ाचक, थाना मुफस्सिल जिला गोड्डा के रूप में हुई है। वहीं सूचना मिलने पर पथरगामा थाना प्रभारी रामसूरत यादव अपने दल बल के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए। जिसके बाद स्थानीय गोताखोर ने जुगाड ट्यूब के सहारे नदी में प्रवेश कर युवक की खोजबीन में जुट गए। खबर मिलते ही आसपास के गांवो से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महुआसोल तालाब के तट पर पहुंच कर युवक की बरामदगी का इंतजार कर रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को बरामद किया गया। घटना बिते शाम तकरीबन पांच बजे के आस-पास की बताई जा रही है।

## रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने अवैध विदेशी शराब किया बरामद, कारोबारी फरार



**गोड्डा ।** बीते रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली की ग्राम गायछांद निबू टोला के नहर किनारे पुलिया के पास कुछ अवैध अंग्रेजी शराब कारोबारी, शराब लेकर कारोबार करने के लिए खड़े है। उक्त सूचना के संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुये सूचना के सत्यापन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु उक्त स्थल पर पहुंचने के पश्चात पुलिस को देख वहाँ पर उपस्थित अवैध शराब कारोबारी भाग गये। त्तपश्चात गश्ती दल द्वारा आस-पास में जाँच एवं खोजबीन किया तो पुलिया के दोनो तरफ एक-एक प्लास्टिक बोरे में अवैध विदेशी शराब भरा पड़ा हुआ मिला। बोरे में मिले शराब को विधिवत जप्त कर जप्ती सूची बनाकर थाना लाया गया। उक्त संबंध में गोड्डा मुफस्सिल थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित किया गया। वहीं जांच के दौरान स्टर्लिंग रिजर्व बी7 375 मिली का 64 बोतल, इंपीरियल ब्लू 375 मिली का 45 बोतल बरामद कर जब्त किया गया। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार साहा, पुलिस अवर निरीक्षक अमोद कृष्ण झा, पुलिस अवर निरीक्षक योगेश कुमार यादव एवं थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## दीपिका पांडेय ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



ठाकुरगंगटी संवाददाता (गोड्डा) प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट मंगलवार को महागठबंधन प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने प्रखंड स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पिता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं, समर्थकों ग्रामीण किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं आदि से कहा कि 15 वर्षों की तुलना में पिछले मात्र ढाई से तीन वर्षों के अंतराल में जो जन उपयोगी व जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य किया गया है वह आपके सामने है। किसी से छिपी हुई नहीं है और किसी को कुछ बताने के भी बहुत आवश्यकता नहीं है। जो भी शेष काम बचा हुआ है इस प्रखंड क्षेत्र के निवासियों की जो कुछ मांग अधूरी रह गई है या जो कार्य शेष बचा हुआ है उसे चुनाव जीतने के बाद प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण करने और आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। सभी कार्यकर्ता इस चुनावी पर्व में प्रतिदिन मतदाताओं के पीछे लग जाए और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करें। बताई की जनसंपर्क के दौरान भी उन्हें ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के साथ- साथ मेहरमा और महागामा प्रखंड के गांव में भी अच्छी सहयोग मिल रही है। हर तबके के ग्रामीण फिर से महागठबंधन के तहत विजय प्राप्त करने का मन बनाए हुए हैं। क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र की जनता झारखंड में हेमंत सोरेन की अगवाई वाली महागठबंधन की सरकार को ही देखना चाहती है। क्योंकि महागठबंधन सरकार के मात्र ढाई तीन वर्षों के कार्यकाल में ही बहुत सारी योजनाएं चलाई गई है जो सबों के लिए जन उपयोगी और जनकल्याणकारी है। मईया सम्मान योजना, बिजली बिल माफी,कृषि ऋण माफी के साथ- साथ दर्जनों प्रकार की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं और कई सारी योजनाएं निरंतर चलने वाली है उस माध्यम से भी ग्रामीण लाभान्वित होते रहेंगे।

## नो एंट्री के बावजूद भारी वाहनों का आवागमन जारी, राहगीर परेशान



**हनवारा संवाददाता ।** सड़क दुर्घटना के मद्देनजर हनवारा हाट के दिन भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगी है फिर भी गिट्टी लोड भारी वाहनों का परिचालन हाट के दिन धड़ल्ले से हो रहा है। मंगलवार की संध्या वाहन जाम के कारण छोटी वाहनों के साथ साथ राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा यहां मोटरसाइकिल जाम में घंटों फंसी रही। जाम की स्थिति इतनी भयावक थी कि पैर रखने तक का जगह नहीं था। जाम का मुख्य टेंपो एवं टोटो हाईवा और ट्रॉली वाहनों के परिचालन के कारण होता है। चेकपोस्ट से लेकर मिल्की चौक तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। इसके बाद किसी के द्वारा जाम की सूचना हनवारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची तब जाकर जाम को समाप्त किया गया। हालांकि यह एक दिन की समस्या नहीं बल्कि सप्ताह में दो दिन हाट लगता है और दोनों दिन जाम की समस्या से लोगों को जुझना पड़ता है। हनवारा हाट झारखंड और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है जहां दोनों राज्यों के लोग खरीद ब्रिकी के लिए पहुंचते हैं ऐसे लोगों की भारी भीड़ हाट के दिन होती है और हाट सड़क से सटा होने के कारण लोगों की भीड़ सड़क पर हो जाती है ऐसे में गिट्टी लोड भारी वाहनों के आने से सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है ऐसे में सड़क दुर्घटना की संभावना बनीं रहती है। हाट के दिन सड़क दुर्घटना होती है। सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय लोगों एवं पुलिस प्रशासन के बीच वार्ता हुई थी कि हाट के दिन बड़ी वाहकों का परिचय नहीं होगा लेकिन फिर एक बार बड़ी वाहकों का परिचय हो रहा है जिसके कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों से हाट के बड़ी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

## छात्रों ने मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली रैली



फतेहपुर (जामताड़ा)~ मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय ताराबाद के छात्रों ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो साहेबगंज गोविंदपुर मुख्यमार्ग,विद्यालय के पोषक क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्रों के हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, मम्मी पापा वोट दो वोट दो, दादा दादी वोट दो,वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,अब जागो प्यारे समेत अन्य स्लोगन लिखा था। बीईईओ मिलन कुमार घोष ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 20 नवंबर को मतदान केंद्र जाकर वोट जरूर डालें। इस दौरान सभी ने मतदान करने की शपथ ली। मौके पर प्रधानाध्यापक सुखदेव राम, शिक्षक सुकदेव सोरेन,मोनाजीतन मुर्मू, शुक्ला मंडल,मीरा मुर्मू,आईसीटी इंस्ट्रक्टर गौरी शंकर यादव आदि उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षकों ने गठित कोषांगों के कार्यो एवं प्रगति की समीक्षा कर दिए जरूरी दिशा- निर्देश



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित डीएमएफटी सभाकक्ष में 16 सामान्य प्रेक्षक, पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र उदय भानु त्रिपाठी (भा0प्र0से0), सामान्य प्रेक्षक, 18 महागामा विधानसभा क्षेत्र, नितीन कुमार पाटिल (भा0प्र0से0) के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर एवं गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल अधिकारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यो की क्रमवार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों की समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं कराया जाए साथ ही साथ उनके द्वारा प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग के तहत वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, ईवीएम, वीवीपैट की उपलब्धता सहित अन्य सभी बिंदुओं पर तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई।

इसके अलावा उन्होंने आदर्श आचार संहिता की निगरानी, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा व्यय पर सतर्कता, सीवीजिल, पोस्टल बैलेट, स्वीप गतिविधि, पेड न्यूज से संबंधित विषयों पर तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल अधिकारी से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अनुदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए निर्वाचन दायित्व को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त गोड्डा, स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता टुडू, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, आलोक वरण केसरी, निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता गोड्डा रितेश जयसवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा, पंकज कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा, कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खेल पदाधिकारी गोड्डा डॉ0 प्राण महतो सहित अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र ने जरमुंडी में चलाया जनसम्पर्क अभियान

संवाददाता

**जरमुंडी ।** जरमुंडी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा कर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन मांगा। इस क्रम में उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान देवेंद्र कुंवर ने मंगलवार को सहारा, तालझारी, कुशमाहा, जोंका, बांधडीह, बनवारा, नारगंजो, रायकिनारी, बेलडीह, लोहारती, गाजीपुर, कुसुमडीह, बेलदाहा, श्रीरामपुर, मचकोल, मनियारपुर काला डुमरिया पंचायत के काला डुमरिया, पीपरा, बांसजोड़ा, अम्बा सहित कई



गांवों का दौरा कर लोगों से जनसंवाद किया एवं ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। इस मौके पर जनसंपर्क अभियान में लोगों ने भी समर्थन देने की बात कही। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क के दौरान लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है।भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर ने बताया कि कि बीते दस वर्षों में जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र का विकास पुरी तरह से बाधित है, विकास कार्य थम से गए है। जनता ने इस बार बदलाव का मन बनाया है। इस बार प्रचंड बहुमत से भाजपा सत्ता में वापस आ रही है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लुईस मरांडी ने ग्रामीणों से मांगा आशीर्वाद

संवाददाता

**रामगढ़ ।** सिर्फ इंडिया गठबंधन की सरकार ही झारखंड का भला कर सकती है। एनडीए गठबंधन के पास राज्य के विकास का कोई विजन नहीं है। एनडीए एवं भाजपा के नेता राज्य में सामाजिक सद्भाव को नष्ट करने का कार्य कर रहे है। राज्य के विकास के वास्तविक मुद्दों पर चर्चा के बजाय वे लोग बदलती डेमोग्राफी तथा तुष्टिकरण जैसे मुद्दे उठाकर जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए झारखंड के विकास एवं सामाजिक सौहार्द्र को बनाए रखने के लिए झामुमो प्रत्याशी डॉक्टर लुईस मरांडी ने ग्रामीणों से जामा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो को विजयी बनाने की अपील की। डॉक्टर लुईस मरांडी मंगलवार को रामगढ़ प्रखंड के सिलठा बी, डांडो तथा अमडापहाडी पंचायत के विभिन्न गांवों में झामुमो द्वारा



आयोजित जनसभा सह मिलन समारोह को संबोधित कर रही थी। रामगढ़ तथा जामा प्रखंड के सम्यक विकास के लिए उन्होंने ग्रामीणों से चुनाव के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा को समर्थन देकर विजय का आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। मिलन समारोह में विभिन्न दलों के दर्जनों समर्थक झामुमो में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वालों को झामुमो का पट्टा तथा अंगवस्त्र पहनाकर प्रत्याशी डॉक्टर लुईस मरांडी,प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल मरांडी, प्रखंड सचिव नंदलाल राउत, प्रमुख बाबुलाल मुर्मू, दिवाकर मंडल, छोटे लाल मंडल ने पार्टी में शामिल कराया।

## सीपीआई प्रत्याशी रामचंद्र ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**पोड़ैयाहाट ।** पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के सीपीआई प्रत्याशी रामचंद्र हेंब्रम ने मंगलवार को सरैयाहाट प्रखंड के विभिन्न गांवों में जन संपर्क अभियान चला लोगों से समर्थन की अपील की। इस दौरान रामचंद्र हेंब्रम ने बताया की क्षेत्र की जनता बदलाव चाह रही हैं। उन्होंने कहा की वह एक सामान्य परिवार से हैं और वे यहां बड़ी पार्टियों की तरह हवा हवाई घोषणा नहीं करेंगे लेकिन अगर वे चुनाव जीते तो प्रखंड स्तर में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम करेंगे, किसानों को सिंचाई की समुचित व्यवस्था दी जाएगी, किसानों को खाद बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी, प्रत्येक गली मोहल्ले में सोलर लाइट, प्रत्येक एक किलोमीटर दूर पर डीप बोरिंग, सभी पंचायतों में न्यायालय की व्यवस्था, बच्चों को उच्च स्तर की निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ज्ञात हो की रामचंद्र हेंब्रम सरैयाहाट प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष हैं और लंबे समय से सीपीआई से जुड़े हुए हैं। सीपीआई की क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी पकड़ है। जन संपर्क अभियान के दौरान उनके साथ सीपीआई के जिला मंत्री शम्भु मोहली, प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार कापरी, बामसेफ के नेता अजय मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वीप के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



**दुमका।** विधानसभा आम निर्वाचन में जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत इंडोर स्टेडियम दुमका में मंगलवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सहायक समाहर्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही स्वयं भी खिलाड़ियों के साथ बैटमिंटन खेले। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी खेल को जीतने के लिये दिमाग से खेला जाना आवश्यक हैं। कहा कि सभी युवा खिलाड़ी मतदाता भी हैं। विधानसभा चुनाव में 20 नवंबर को मतदान होना है। उन्होंने खिलाड़ियों से मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही अपने घर के अन्य सदस्यों तथा पड़ोसियों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिये प्रेरित करने की अपील की।

## आचार संहिता लागू पर पीसीसी निर्माण कार्य जारी

**गोपीकांदर ।** विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है लेकिन इस बीच भी पीसीसी निर्माण कार्य कैसे गोपीकांदर में देखा जा रहा है. बताया जाता है कि ये योजना विधायक निधि का है और पुराना कार्य है. गोपीकांदर प्रखंड के कारूडीह गांव में विधायक निधि से पीसीसी निर्माण का कार्य किया जा रहा है. संवेदक ने आनन-फानन में सोमवार रात के अंधेरे में पीसीसी का ढलाई कर दिया गया.



हालांकि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का कोई सूचना पट्ट नहीं लगा हुआ है. पीसीसी का ढलाई भी रात के अंधेरे में कर दिया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पीसीसी निर्माण किस विभाग से हुआ किसी को जानकारी नहीं है. एक दिन पहले ही गिट्टी और बालू गिराया गया था और सोमवार रात ही पीसीसी का ढलाई कर दिया गया. ग्रामीणों ने रात में देखा कि मिस्त्री और लेबर द्वारा ढलाई का कार्य किया जा रहा है. सुबह होने से पहले से ढलाई का कार्य को छोड़ दिया गया. बताया जाता है कि दो सौ फीट का पीसीसी निर्माण किया गया है. इस मामले को लेकर कनीय अभियंता शंकर राम को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## बीडीओ ने किया जूम के माध्यम से बैठक



**रानीश्वर (दुमका ) ।** सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा में मंगलवार प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधानसभा निर्वाचन 2024 के तैयारी को लेकर सेक्टर पदाधिकारी ,बीएलओ ,बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक किया है ।प्रखंड मे 15 सेक्टर पदाधिकारी हैं ।वहीं 88 मतदान केंद्र में बीएलओ है ।बीडीओ ने सभी बीएलओ को तीन दिन के अंदर मतदान पर्ची वितरण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है ।समीक्षा बैठक में अंचल अधिकारी संदा नुसरत के साथ निर्वाचन से जोड़े संबंधित कर्मचारी मौजूद थे । बैठक में मतदान केंद्र का रूट चार्ट, क्रिटिकल मतदान केंद्र , कम्युनिकेशन प्लान, सेडो एरिया ,इंटर स्टेट चेक पोस्ट ,आदर्श मतदान केंद्र पर्दानसिन केंद्र के संबंध में बिस्तर से चर्चा हुई है।

# भाजपा की सरकार बनते ही महिलाओं को मिलेगा 2100 रुपये की सहायता राशि : सुनील सोरेन

दुमका ब्यूरो

**दुमका।** एल आई सी कॉलोनी स्थित दुमका विधानसभा भाजपा प्रधान चुनाव कार्यालय में पूर्व सांसद एवं दुमका विधानसभा के प्रत्याशी सुनील सोरेन भाजपा जिला अध्यक्ष गौरवकांत, दुमका विधानसभा के प्रभारी सत्येंद्र सिंह, दुमका प्रवासी के रूप में काम देख रहे विष्णु शर्मा और प्रदेश कर समिति की सदस्य डॉक्टर अंजुला मुर्मू की संयुक्त उपस्थिति में मंगलवार को संकल्प पत्र को लेकर प्रेस वार्ता की गई। प्रत्याशी सुनील सोरेन ने कहा कि झारखंड के गठन के 25 साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के घोषणापत्र के 25 प्रमुख बिंदुओं का जिक्र किया। आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का निःशुल्क इलाज, गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये की सहायता राशि और झारखंड में




पेपर लीक रोकने के लिए कड़े कानून बनाने का वादा किया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार गरीब परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएगी और दिवाली और रक्षाबंधन में एक-एक गैस सिलेंडर निःशुल्क देगी।जबकि 5 साल में 5 लाख युवाओं को रोजगार देगी। पेपर लीक करने वालों को पकड़ कर सजा दिलाएंगे। महिलाओं के लिए एक रुपये में जमीन रजिस्ट्रेशन की योजना फिर से शुरू की जाएगी। 75त्र तक छूट साइकिल, योग और फिटनेस सहायक उपकरण भी दिया जाएगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी बादल ने पांडवेश्वरनाथ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बनाई रणनीति

**जरमुंडी ।** पांडवेश्वरनाथ मंदिर के समीप मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख ने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस अवसर पर इंडिया महागठबंधन में शामिल विभिन्न पार्टी के प्रखंड स्तरीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने का तरीका बताया गया। साथ ही चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति भी बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए महागठबंधन के साझा प्रत्याशी बादल पत्रलेख ने सभी कार्यकर्ताओं से दिन-रात मेहनत करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आपसी समन्वय स्थापित कर वोटरों को विकास कार्य की जानकारी देकर वोटरों से वोट की अपील करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को महागठबंधन सरकार की पूर्व योजनाओं के साथ-साथ सरकार बनने के बाद की योजनाओं की जानकारी देने की बात कही, ताकि लोगों को कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो सके। इस मौके पर देवघर के मून्नम संजय, श्यामसुंदर मोदी, वरीय कांग्रेसी सीताराम मंडल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कन्हैया लाल ने किया कई मतदान केंद्र का निरीक्षण



**रानीश्वर ।** विधानसभा चुनाव की दो सप्ताह शेष बचा है।शिकारीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी चल रहा है ।सामान्य ऑब्जर्वर कन्हया लाल स्वामी ने मंगलवार के रानीश्वर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 223, 236 उत्कृमित उच्च विद्यालय कुमिरदहा ,केंद्र संख्या 220,221 अपग्रेड मिडिल स्कूल पाथरा उर्दू , 217 मध्य विद्यालय रानीग्राम के आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया । मौके पर बीडीओ राजेश सिन्हा ,थाना प्रभारी बलराम सिंह, बीएलओ मौजूद थे।

# पेड़ में लटकते हुए युवक का शव बरामद

संवाददाता

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में पिपल के पेड़ पर कपड़ा से लटकते हुए मंगलवार की सुबह एक 16 वर्षीय युवक की शव पुलिस को मिला है। बता दें कि मृतक कालीपहाड़ी प्रधान टोला के सेवन सोरेन 16 वर्ष पिता बाजु सोरेन के रूप में हुआ है। घटना की सूचना पर गोपीकांदर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता ने बताया कि सेवन सोरेन बीते सोमवार को बुट जूता खरीदने के लिए 1000 रूपया मांग रहा था लेकिन घर में एक हजार ना रहने पर बेटे को 500 रूपया दिया सेवन 500 रुपया लेकर घर सोमवार की दोपहर को निकला था लेकिन रात होने पर घर नहीं लौटा घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन किया तो सेवन रात को नहीं मिला।



मंगलवार की सुबह गांव से हाफ किलोमीटर दूर एक पीपल के पेड़ पर सेवन का शरीर एक गाय चराने वाला चरवाहा ने देखा तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक सेवन सोरेन का पैर जमीन को छू रहा था मर्डर या खुदकुशी यह प्रश्न चिन्ह उठता है। घटना के बारे में थाना प्रभारी रंजीत मंडल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है परिजनों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है पुलिस जांच में जुट गई हैं।

# डीसी ने की सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक




संवाददाता

**दुमका।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने 10-दुमका (अ.ज.जा),07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं गोपीकांदर तथा सरैयाहाट प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक मंगलवार को की एवं कई आवश्यक निदेश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर हर छोटी से छोटी सुविधाएं सुदृढ़ रखें,ताकि पोलिंग पार्टी के साथ किसी भी मतदाता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।सभी मतदान केंद्र पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली,पानी,शौचालय, रैंप, की व्यवस्था आदि सभी जरूरी सेवाएं निश्चित रूप से रहे।मतदान केंद्र पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे इसे सुनिश्चित कर लें।कहा कि हर एक मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी कमियों को दूर कर लें।इसके साथ ही पोलिंग पार्टी को मतदान केन्द्रों तक जाने के लिए वाहन के संबंध में आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने भी उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिया। इस दौरान 10-दुमका (अ.ज.जा),07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी एवं विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मसलिया थाना प्रभारी और टोंगरा थाना प्रभारी झामुमो के कार्यकर्ता की तरह कर रहे हैं काम, होगी शिकायत : सुनील सोरेन

**दुमका।** मसलिया थाना प्रभारी और टोंगरा थाना प्रभारी झामुमो के कार्यकर्ता के तरह काम कर रहे हैं। उक्त बातें प्रेस से मुखातिब होते हुए दुमका विधानसभा के प्रत्याशी सुनील सोरेन ने मंगलवार को कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को यह दोनों अधिकारी के खिलाफ शिकायत की जाएगी कि इस चुनाव से हटाया जाए क्योंकि यह चुनाव को प्रभावित करने के लिए कई तरह की हरकतें कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता को धमकाने का काम कर रहे हैं। टोंगरा थाना के अंतर्गत आने वाले बलिया गांव के भाजपा कार्यकर्ता शिवधन पावारिया और मिलन बेसरा को अहले सुबह 4ः00 बजे सुबह पुलिस उठाकर मोटरसाइकिल के कागजात की मांग की और उन दोनों में से एक का गाड़ी लेकर चला गया वहीं मसलिया थाना प्रभारी ने मसलिया भाजपा मसलिया के बूथ अध्यक्ष सुगेन मंडल को थाना बुलाकर डराने धमकाने का काम किया है। भाजपा इन पदाधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग और स्थानीय पुलिस अधीक्षक से कठोर कार्रवाई की मांग करती है अभी तक एफआईआर दर्ज तो नहीं हुआ है लेकिन जल्द फिर दर्ज की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# नहाय खाय के साथ आज से चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ

संवाददाता

**दुमका ।** दीपावली के बाद लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का आज 5 नवम्बर को नहाय खाय से शुभारंभ होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का श्रद्धालु बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। छठ पूजा का यह त्यौहार भगवान सूर्य देव और छठी मईया को समर्पित है। इस दिन महिलाएं जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देती हैं और अपनी संतान, परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना करती हैं। छठ पूजा के पावन अवसर पर भगवान सूर्य की आराधना करने से समृद्धि एवं प्रगति की प्राप्ति होती है और मनुष्य का कल्याण होता है। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी, डाला छठ, छठ पर्व, डाला पूजा आदि नामों से जाना जाता है।

**छठ पूजा 2024 कैलेंडर**



**छठ पूजा पहला दिन :** नहाय खाय- 5 नवंबर 2024
**छठ पूजा दूसरा दिन :** खरना- 6 नवंबर 2024
**छठ पूजा तीसरा दिन :** संध्या अर्घ्य- 7 नवंबर 2024
**छठ पूजा चौथा दिन :** उषा अर्घ्य, पारण- 8 नवंबर 2024

**छठ पूजा का पहला दिन- नहाय खाय**

महापर्व छठ पूजा का आरंभ नहाय खाय के साथ होता है। इस दिन व्रती महिलाएंभोर में उठकर स्नान आदि कर नए वस्त्र पहल सूर्य देव को जल अर्पित करती हैं। इसके बाद सात्विक आहार ग्रहण कर अपने व्रत को शुरू करती हैं। नहाय खाय के दिन कद्दू की सब्जी, लौकी चने की दाल और भात यानी चावल खाया जाता है। नहाया खाय का भोजन बिना लहसुन और प्याज के सात्विक तरीके से तैयार किया जाता है। व्रती के खाने के बाद ही परिवार के अन्य लोग नहाय खाय का खाना खा सकते हैं। नहाय खाय के दिन यानी आज 5 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 36 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 33 पर।

**छठ पूजा का दूसरा दिन- खरना**

छठ पूजा के दूसरे दिन आता है खरना। इस दिन व्रती महिलाएं पूरा दिन व्रत करती हैं और फिर रात के समय खीर प्रसाद ग्रहण करती हैं। खरना के बाद से ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जाता है। छठ व्रत का पारण उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही खोला जाता है। वहीं बता दें कि खरना के दिन गुड़, चावल और दूध की खीर बनाई जाती है। इस दिन व्रत रखने वाली महिला या पुरुष को नमक का सेवन नहीं करना होता है। खरना के दिन यानी 6 नवंबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 37 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 पर।

**छठ पूजा का तीसरा दिन- संध्या अर्घ्य**

छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसे संध्या अर्घ्य के नाम से भी जाना जाता है। संध्या अर्घ्य 7 नवंबर 2024 को दिया जाएगा। 7 नवंबर यानी छठ पूजा के दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 32 मिनट पर होगा।

**छठ पूजा का चौथा दिन- उषा अर्घ्य**

छठ पूजा के चौथे और आखिरी दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जिसे उषा अर्घ्य कहा जाता है। इस दिन व्रती महिलाओं भोर के समय जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य के बाद इसी दिन व्रती महिलाएं छठ व्रत का पारण करती हैं। उषा अर्घ्य 8 नवंबर 2024 को दिया जाएगा। 8 नवंबर यानी छठ पूजा उषा अर्घ्य के दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 38 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 5 बजकर 31 मिनट पर होगा।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686